Dainik DEVVRAT
# दैनिक देवव्रत
www.dainikdevvrat.in
आजमगढ़, उ.प्र.
वर्ष 35, अंक 140
पृष्ठ 8, मूल्य 3.00
10 फरवरी 2026, मंगलवार
लखनऊ, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र (राबर्ट्सगंज, अनपरा, शक्तिनगर), सिंगरौली, मिर्जापुर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर एवं आजमगढ़ से प्रसारित
E-mail : dainikdevvrat@gmail.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


## मेरी राय

## लखनऊ में झूठ बेनकाब, गरीब मजदूर कुचले गए, माफी नहीं तो इस्तीफा दो



❑ विजय कुमार देवव्रत

यह कहानी किसी विदेशी साजिश की नहीं है। यह कहानी उस देश की है, जहां झाड़ू उठाने वाला मजदूर सबसे पहले देशद्रोही घोषित कर दिया जाता है और बड़े पदों पर बैठे लोग झूठ बोलकर भी बेखौफ रहते हैं। लखनऊ में महीनों तक 'बांग्लादेशी' और 'रोहिंग्या' का हल्ला पीटा गया। दो लाख का आंकड़ा उछाला गया। डर फैलाया गया। सफाईकर्मियों को अपराधी की तरह घेरा गया। और जब जांच हुई, तो नतीजा शून्य निकला। एक भी अवैध घुसपैठिया नहीं। ना बांग्लादेशी, ना रोहिंग्या। तो सवाल सीधा है, झूठ किसने बोला? और क्यों? सम से आया एक मजदूर हाथ में वैध आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड। देश का नागरिक। लेकिन उसकी पहचान उसके कागज से नहीं, उसकी गरीबी से तय हुई। कभी 'बांग्लादेशी', कभी 'रोहिंग्या'। परिवार रोता रहा, बच्चे डरे रहे, और सत्ता का प्रचार तंत्र तालियां बजाता रहा। यह केवल प्रशासनिक भूल नहीं थी। यह राजनीतिक साजिश थी।

जनवरी 2025 में लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा शहर में दो लाख से ज्यादा बांग्लादेशी और रोहिंग्या छिपे हैं। कहां हैं वे? किस मोहल्ले में? किस थाने की सीमा में? पुलिस ने नवंबर 2025 से फरवरी 2026 तक हर कोना छाना। गोमतीनगर, इंदिरा नगर, ठाकुरगंज, झुग्गियां, सफाई कर्मी बस्तियां। संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार का साफ बयान ह। "एक भी अवैध बांग्लादेशी या रोहिंग्या नहीं मिला।" तो फिर सवाल उठता है। क्या मेयर ने शहर को डराने के लिए झूठ बोला? या झूठ जानबूझकर बोला गया?

यह ड्रामा पहली बार नहीं हुआ। 2010 में वाराणसी में भी यही कहानी चली। 50 बांग्लादेशी झुग्गियों में छिपे हैं। तब एडीजी ब्रजलाल ने खुद जांच करवाई और घोषणा की "एक भी बांग्लादेशी नहीं।" आज वही ब्रजलाल, राज्यसभा सांसद बनकर, वही झूठ दोहरा रहे हैं। अगर तब झूठ था, तो आज क्या है? और अगर आज सच है, तो तब क्या था? यह विरोधाभास नहीं। यह राजनीतिक पाखंड है।

कुछ रिपोर्ट्स में डीजीपी आवास के पास सफाई करने वाले मजदूरों को 'रोहिंग्या' बताया गया। बिना दस्तावेज। बिना जांच। बिना पुलिस पुष्टि। क्या पत्रकारिता का मतलब अब यही रह गया है। सत्ता के डर को शब्द देना और गरीब को अपराधी बनाना? अगर कलम सत्ता के इशारे पर चलेगी, तो लोकतंत्र लहूलुहान होगा। लखनऊ में घुसपैठिया नहीं मिला, लेकिन घृणा जरूर फैलाई गई। बंगाली–भाषी होना अपराध बना। गरीब होना शक की वजह बना।

अल्पसंख्यक होना खतरे की घंटी बना। 160 से ज्यादा सफाईकर्मी काम छोड़कर भाग गए। रोजगार गया। भूख बढ़ी। और सत्ता चुप रही। अब सवाल योगी सरकार से अगर जांच में कुछ नहीं मिला, तो ब्रजलाल अब तक सांसद कैसे हैं? सुषमा खर्कवाल मेयर कैसे हैं? झूठ फैलाने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं? अगर इन लोगों ने माफी नहीं मांगी, अगर इस्तीफा नहीं हुआ, तो यह माना जाएगा कि यह सब सरकार की सहमति से हुआ। अब बहुत हो चुका यह घुसपैठिया भूत नहीं था। यह वोट की राजनीति का डरावना मुखौटा था। देश की राजनीति अगर झाड़ू उठाने वाले मजदूर को कुचलकर चलेगी, तो कल यह आग हर दरवाज़े तक पहुंचेगी। अब मांग साफ है, सार्वजनिक माफी नहीं, तो सार्वजनिक जवाबदेही। इस्तीफा नहीं, तो सत्ता की नैतिक हार। लखनऊ ने सच्चाई दिखा दी है। अब सवाल यह हैं। क्या सत्ता सच देखने की हिम्मत रखती है?



# फार्म 7 : प्रदेश में खास वोटरों के नाम कटवाने के आरोपों की बाढ़, चुनाव आयोग ने साधी चुप्पी

**लखनऊ, 09 फरवरी (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 का दुरुपयोग होने के आरोप लगातार बढ़ रहे हैं। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि सत्तारूढ़ बीजेपी मुस्लिम और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को टारगेट कर रही है। पिछले दो दिनों में एक्स पर ऐसे वीडियो वायरल हो रहे हैं, जहां लोग सबूतों के साथ दावा कर रहे हैं कि उनके नाम फॉर्म 7 के जरिए झूठी शिकायत कर बेवजह उड़ा दिए गए हैं। कुछ मामलों में बीजेपी नेताओं के नाम सीधे सामने आए, जो ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को फॉर्म 7 के बंडल सौंपकर मुस्लिम मतदाताओं के नाम हटवा रहे हैं। समाजवादी पार्टी (एसपी) अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐसे मतदाताओं ने सामने आकर खुलकर आरोप लगाए हैं।

चंदौली जिले के पांच गांवों से प्राप्त फॉर्म 7 के दस्तावेजों से पता चलता है कि छह बीएलओ को 84 मुस्लिम नामों को हटाने की मांग वाले आवेदन मिले थे। इनमें से कई आवेदन जाली थे, जहां आवेदक के विवरण गलत थे। एक बीएलओ अंजना देवी ने बताया कि उन्हें एक लिफाफे में सात मुस्लिम मतदाताओं के नाम हटाने के फॉर्म मिले, जो पहले ही एसआईआर प्रक्रिया में सत्यापित हो चुके थे। इटावा जिले में बीएलओ अश्विनी कुमार पर बीजेपी नेताओं ने दबाव डाला कि वे मुस्लिम मतदाताओं के नाम हटाएं, और इनकार करने पर उन्हें धमकी और मारपीट का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को शिकायत की है कि बीजेपी फॉर्म 7 का इस्तेमाल करके एसआईआर वाले राज्यों में लाखों मतदाताओं को हटा रही है, खासकर एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और वरिष्ठ नागरिकों को। उत्तर प्रदेश में ये आरोप चंदौली, सीतापुर, कन्नौज और मेरठ जैसे जिलों से उभरे हैं, जहां मुस्लिम बहुल इलाकों को टारगेट किया गया है।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इन आरोपों को लेकर चुनाव आयोग पर बीजेपी के साथ सांठगांठ का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी के साथ मिलकर फॉर्म 7 के जरिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) मतदाताओं के नाम हटा रहा है। उन्होंने कुछ फॉर्म दिखाते हुए कहा, ष्लोकतंत्र में वोटिंग सबसे बड़ा अधिकार है, लेकिन चुनाव आयोग बीजेपी के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में पीडीए मतदाताओं के नाम फॉर्म 7 से हटा रहा है।ष यादव सुल्तानपुर के नंदलाल को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश किया। अखिलेश ने सीतापुर का उदाहरण दिया, जहां मुस्लिम मतदाताओं के खिलाफ जाली फॉर्म 7 जमा किए गए, और एक गरीब मजदूर का नाम बिना हस्ताक्षर के इस्तेमाल किया गया। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी एक करोड़ से ज्यादा वोट हटाने की साजिश रच रही है। अखिलेश ने एक अन्य वीडियो पोस्ट में फॉर्म 7 की धांधली का सबूत साझा किया, जहां एक एसपी नेता ने गांववालों से बातचीत की और दिखाया कि एक व्यक्ति के नाम पर बिना सहमति के दो मुस्लिम मतदाताओं के नाम हटाने की शिकायत दर्ज की गई थी, जबकि शिकायतकर्ता ने इनकार किया। वीडियो में नेता कहते हैं, बीजेपी अधिकारी एक–दूसरे को लड़ा रहे हैं, लेकिन नंदलाल ने कोई शिकायत नहीं की।




पिछले दो दिनों में एक्स पर फॉर्म 7 से जुड़े वीडियो की बाढ़ आई है। एक वायरल वीडियो में मेरठ के बड़ा गांव से बीजेपी कार्यकर्ता मनवीर और उनके बेटे आकाश ने 200 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 दाखिल किया, दावा किया कि वे मृत हैं। जांच में सभी जिंदा पाए गए, और 99% मुस्लिम थे। वीडियो में ग्रामीण कागज दिखाते हुए विरोध करते नजर आते हैं, और भीड़ में बहस होती है। एक अन्य वीडियो में चंदौली से 86 मुस्लिम नामों को हटाने की कोशिश दिखाई गई, जहां बीएलओ पुजारी प्रसाद यादव ने मीडिया से कहा कि सभी मतदाता जिंदा और मौजूद हैं, और फॉर्म धर्मेंद्र मौर्य द्वारा दिए गए थे। उन्होंने कहा, एक भी हिंदू नाम नहीं, सभी मुस्लिम हैं। फतेहपुर से एक वीडियो में बीजेपी नेता ने 72 नाम हटवाए, जिससे प्रभावित लोग दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। ये वीडियो बताते हैं कि फॉर्म 7 का इस्तेमाल मतदाता दमन के लिए हो रहा है, और एक्स पर हजारों लाइक्स और शेयर हो चुके हैं।

पत्रकार अजीत अंजुम सोमवार को मेरठ के एक गांव में पहुंचे जहां फॉर्म 7 से मतदाताओं के नाम हटाए गए थे। ऐसे दो दर्जन से ज्यादा मतदाताओं से बात की, जिनके नाम फॉर्म 7 के जरिए हटा दिए गए थे। अजीत अंजुम की ग्राउंड रिपोर्टिंग से पता चलता है मेरठ में उन्होंने जिन प्रभावित मतदाताओं से बात की, वे ज्यादातर मुस्लिम नाम थे। उन्होंने चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया पर फॉर्म 7 के जरिए नाम कटवाने वाले वीडियो वायरल हैं। लेकिन चुनाव आयोग इस पर स्थिति साफ नहीं कर रहा है। हालांकि उसने हाल ही में एसआईआर प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। ऐसा यूपी के संदर्भ में खासतौर पर किया गया। ये आरोप लोकतंत्र की बुनियाद पर सवाल उठाते हैं। चुनाव आयोग को पारदर्शी जांच करनी चाहिए ताकि कोई मतदाता वंचित न हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं, जबकि बीजेपी ने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है।

## पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक सोशल मीडिया पर लीक, दिल्ली पुलिस ने दर्ज की FIR

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आगामी किताब श्फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनीश के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री–प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही है। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि श्फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनीश शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, यह मामला एक ऐसी पुस्तक के संभावित लीक या गोपनीयता उल्लंघन से जुड़ा है, जिसे अभी आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल सेल में केस दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पुस्तक की प्री–प्रिंट कॉपी ऑनलाइन कैसे पहुंची, इसमें किन लोगों या संस्थाओं की भूमिका हो सकती है, और क्या इसमें कॉपीराइट या अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## PMO का लोस सचिवालय को निर्देश, नहीं पूछे जा सकते पीएम केयर्स फंड से संबंधित सवाल

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** प्रधानमंत्री देखभाल कोष (पीएम केयर्स फंड), प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) और राष्ट्रीय रक्षा कोष (एनडीएफ) से संबंधित किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में पीएमओ ने लोकसभा सचिवालय को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है. कांग्रेस पार्टी ने इस पर तीखी टिप्पणी की है. कांग्रेस पार्टी ने इसे सरकार की तानाशाही बताया है. पार्टी ने इसको लेकर कई सवाल पूछे हैं कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर सवाल पूछते हुए लिखा, सांसद जनता के प्रतिनिधि हैं, उन्हें जनहित के सवाल पूछने से क्यों रोका जा रहा है ? मोदी सरकार जनता के लाखों–करोड़ रुपये का हिसाब क्यों नहीं देना चाहती ? आखिर मोदी सरकार देश की जनता से क्या छिपाना चाह रही है ? क्या अब देश की संसद नरेंद्र मोदी की मनमर्जी से चलेगी ? इस संबंध में एक खबर प्रकाशित की है। कांग्रेस पार्टी ने इस खबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है. अखबार के अनुसार पीएमओ ने बताया है कि इन तीनों फंडों से संबंधित संसदीय सवालों को लोकसभा की कार्यवाहियों से संबंधित नियमों के तहत स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे. पीएमओ ने 30 जनवरी को ही इस बाबत सूचना दे दी थी। उनके अनुसार पीएमओ ने लोकसभा सचिवालय को सूचित किया कि इन तीनों कोषों से संबंधित प्रश्न और मामले लोकसभा की कार्यवाहियों के नियम 41(2)(vii) और 41(2)(Xviii) के तहत स्वीकार्य नहीं हैं. लोकसभा के नियम 41(2)(viii) में कहा गया है कि सवाल ऐसे किसी मामले से

PMCARES
Prime Minister's Citizen Assistance and Relief in Emergency Situations Fund

संबंधित नहीं होना चाहिए, जो भारत सरकार के प्राथमिक अधिकार क्षेत्र में न हो. इसी तरह से लोकसभा के नियम 41(2)(xvii) में कहा गया है कि प्रश्न ऐसे किसी मामले से संबंधित नहीं होना चाहिए, जो उन निकायों या व्यक्तियों के नियंत्रण में हो जो भारत सरकार के प्रति प्राथमिक रूप से उत्तरदायी नहीं हैं पीएमओ के अनुसार क्योंकि इन कोषों का निर्माण स्वैच्छिक जन योगदान से बना था, लिहाजा अब इस पर जानकारी साझा करने की जरूरत नहीं है, साथ ही इसमें भारत की संचित निधि से कोई भी आवंटन नहीं किया गया था. पीएमओ ने बताया है कि यदि कोई भी सांसद इन फंडों से संबंधित सवाल पूछते हैं, या फिर उसे शून्यकाल में उठाने की कोशिश करते हैं, तो इन प्रावधानों में दी गई शर्तों का प्रयोग किया जा सकता है। पीएम केयर्स फंड का निर्माण कोविड के समय 2020 में किया गया था। इसको लेकर पीएमओ ने एक अलग से वेबसाइट बनाई थी। इस फंड से कोविड महामारी से निपटने के लिए जो भी जरूरत थी, उसमेंयोगदान करना था। सरकार ने प्रधानमंत्री नागरिक सहायता एवं आपातकालीन राहत कोष (पीएम केयर्स फंड) नाम से इसे बनाया था. यह एक ट्रस्ट की भांति था। इसे पब्लिक चौरिटेबल ट्रस्ट 1908 के तहत रजिस्टर्ड किया गया था. 27 मार्च 2020 को रजिस्टर्ड किया गया था। वेबसाइट में अंतिम जानकारी मार्च 2023 की है, जिसमें इसके पास शेष राशि 6283.7 करोड़ रुपये थी. केंद्र सरकार ने जनवरी 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट को जानकारी दी थी कि पीएम केयर्स फंड एक चौरिटेबल ट्रस्ट के रूप में स्थापित किया गया है। इसे संविधान या संसद या फिर राज्य द्वारा बनाए गए कानून के तहत नहीं बनाया गया है।

### सदन में पेश हुई प्रदेश सरकार की पहली आर्थिक समीक्षा

## राज्य में प्रति व्यक्ति आय बढ़ने का दावा



**लखनऊ, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन उत्तर प्रदेश की पहली आर्थिक समीक्षा सदन के पटल पर प्रस्तुत की। समीक्षा में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, निवेश, प्रति व्यक्ति आय, राजकोषीय स्थिति और क्षेत्रीय योगदान को विस्तार से सामने रखा गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने बीते आठ वर्षों में विस्तार किया है। वर्ष 2016–17 में 13.30 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था, वर्ष 2024–25 में बढ़कर 30.25 लाख करोड़ पार कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में इसके 36 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। यह वृद्धि उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्थाओं में मजबूती से स्थापित करती है।

वित्त मंत्री ने सदन में कहा कि आज हम सब एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं, जब उत्तर प्रदेश भी भारत सरकार की तरह अपनी आर्थिक समीक्षा पहली बार सदन के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। प्रदेश की आर्थिक समीक्षा केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राज्य की प्रगति, जनता की आकांक्षाओं और भविष्य की संभावनाओं का जीवंत दस्तावेज है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक, उत्तर प्रदेश आज नई आर्थिक दृष्टि और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था 25 करोड से अधिक नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है, जो इसे कृषि उत्पादन, औद्योगिक विकास और तकनीकी नवाचार का प्रमुख केंद्र बना रहा है।

वित्त मंत्री ने कहा कि एक समय निवेशकों की प्राथमिकता सूची में न रहने वाला उत्तर प्रदेश अब औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है। पारदर्शी नीतियों, समयबद्ध स्वीकृतियों और 'ट्रिपल एस' (सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड) की गारंटी के चलते प्रदेश को अब तक 50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह निवेश वातावरण में आए निर्णायक बदलाव को दर्शाता है।

### राज्यपाल ने दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

## सपा विधायकों ने लहराये अहिल्याबाई के फोटो, हंगामे के साथ किया प्रदर्शन



**लखनऊ, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** विधानमंडल के बजट सत्र की सोमवार को शुरुआत से पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की उपलब्धियों का बखान करना शुरू ही किया था कि समाजवादी पार्टी के सदस्य नारे लिखे पोस्टर और राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीरें लेकर वेल में आ गए और हंगामा करने लगे। करीब 35 मिनट के राज्यपाल के संबोधन के दौरान सपा सदस्य लगातार हंगामा करते रहे। हालांकि राज्यपाल ने अभिभाषण पढ़ना जारी रखा। सपा सदस्य सदन में आते ही नारेबाजी करने लगे थे। सुबह करीब 11 बजे राज्यपाल के आने के बाद संयुक्त अधिवेशन की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद बाद जैसे ही राज्यपाल ने अभिभाषण पढ़ना शुरू किया, सपा सदस्य संग्राम सिंह मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के मुद्दे पर अपनी बात कहने उठे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनसे कहा कि सत्र के दौरान सबको अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। हालांकि सपा सदस्यों ने विरोध करना शुरू कर दिया और सभी वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने 'गवर्नर मैडम गो बैक' का नारा लगा रहे थे।

सपा सदस्यों के शोर मचाने पर राज्यपाल ने कहा कि इतना चिल्लाने से गला बैठ जाएगा। सपा सदस्य भाषण बंद करो के नारे लगाते रहे, जबकि भाजपा और उसके सहयोगी दल राज्यपाल द्वारा गिनाई जा रहीं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का मेज थपथपाकर सराहना करते रहे। राज्यपाल ने प्रदेश के 121 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में एक्सीलेंस सेंटर और 251 स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना का जिक्र करने के दौरान सपा सदस्यों के शोरगुल पर तंज कसते हुए कहा कि आपके समय में यह सब जीरो था। उन्होंने आगे कहा कि पांच साल तक जीरो पर ही रहे। उन्होंने आगे भी सपा सदस्यों को आईना दिखाते हुए तंज कसे हालांकि सपा सदस्यों ने तेज आवाज में हूटिंग शुरू कर दी, जिसकी वजह से राज्य पाल की आवाज नहीं सुनी जा सकी।

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में SIR की समय सीमा एक हफ्ते बढ़ाई

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन यानी एसआईआर की समय सीमा एक हफ्ते बढ़ा दी है। अब अंतिम मतदाता सूची 14 फ़रवरी की बजाय 21 फ़रवरी तक प्रकाशित हो सकती है। कोर्ट ने राज्य सरकार को चेतावनी भी दी है कि इस प्रक्रिया में कोई रुकावट नहीं डाली जाएगी। यह फैसला सोमवार को आया, जब कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा, हम रुकावटों को दूर करेंगे, लेकिन एसआईआर को पूरा करने में कोई बाधा नहीं डालेंगे। यह बात बहुत साफ है। कोर्ट ने सभी राज्यों को संदेश दिया कि एसआईआर जैसी संवैधानिक प्रक्रिया में कोई भी राज्य बाधा नहीं डाल सकता। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजरिया भी शामिल थे। कोर्ट ने साफ़ कहा कि यह सुधार का काम समय पर पूरा होना चाहिए। यह मामला पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर से जुड़ा है। चुनाव आयोग इस काम को कर रहा है। इसमें कई गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई याचिकाएँ दाखिल की हैं। वे कहते हैं कि एसआईआर में ग़लतियाँ हो रही हैं। नाम में छोटी–मोटी वर्तनी की गलती से लाखों मतदाताओं को बाहर किया जा रहा है।

### 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक आजमगढ़

**' भागा शहंशाह '**

चला चली का वक्त है,
पसरी पग-पग आह ।
मन दुखड़ा किससे कहे,
भागा शहंशाह ।
देख पुस्तक हाथों में ।



धीरू भाई का दो टूक
10 फरवरी 2026

# जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की बेहतरीन बल्लेबाजी से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया। टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मुकाबले में जिम्बाब्वे ने ओमान की पारी 19.5 ओवर में 103 रन पर ऑलआउट कर दी और फिर 13.3 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर मैच जीता। जिम्बाब्वे के लिए बेनेट ने शानदार बल्लेबाजी की और वह नाबाद लौटे। कम लक्ष्य का पीछा करते हुए बेनेट और तादिवनाशे मारुमनी ने जिम्बाब्वे को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 30 रनों की साझेदारी हुई। मारुमनी को को सुफ्यान महमूद ने अपना शिकार बनाया जो 11 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इसी ओवर में सुफ्यान ने डियोन मायर्स को खाता खोले बिना आउट किया। दो झटके लगातार लगने के बाद बेनेट ने ब्रेंडन टेलर के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 68 रन जोड़ लिए थे, लेकिन टेलर रिटायर हर्ट होकर पवेलियन लौट गए।



बेनेट अंत तक टिके रहे, पर अर्धशतक पूरा नहीं कर सके क्योंकि कप्तान सिकंदर रजा ने विजयी चौका लगाकर मैच समाप्त कर दिया। बेनेट ने 36 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 48 रन बनाए, जबकि रजा दो गेंदों पर एक चौका के सहारे पांच रन बनाकर नाबाद रहे। ओमान के लिए दोनों विकेट सुफ्यान ने लिए।

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा वास्ते पेश करने वजह इस अम्र के कि तजबीजसानी क्यों ना मंजूर होनी चाहिए। (आर्डर 47 कायदा 4 मजमुआ जाविता दीवानी)
बअदालत नायब तहसीलदार सगड़ी, आजमगढ़
धारा 34 उ.प्र.रा.सं. 2006

**मुहम्मद आमिर बनाम मैहरूननिशा**

बनाम–मुहम्मद आमिर पुत्र मु. उस्मान साकिन चकमुअज्जम तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ हाल मुकाम बदरका तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादी

मुत्तिला हो कि **कायमीकर्त्ता** ने इस अदालत में वास्ते तजबीजसानी मुसद्दिरह तारीख 00 माह 00 सन् 0000 ई0 मुकदमा मरकूमहवाला के दरख्वास्त गुजरानी है। तारीख 10 माह 02 सन् 2026 ई0 इसलिए मुकर्रर हुई है कि आप वजह जाहिर कीजिए कि इस मुकदमें फैंसला की तजबीजसानी क्यों न मंजूर होनी चाहिए।

आज बतारीख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया जाय। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय भदोही ज्ञानपुर, जनपद भदोही
नं.मु. 530 वैवाहिक अधिकारों का पुर्नस्थापन 2025

**श्याम कुमार** उम्र करीब 37 वर्ष पुत्र रामदास निवासी ग्राम बंजारी तहसील औराई थाना गोपीगंज जनपद भदोही। –प्रार्थी

बनाम

**जलसा देवी** उम्र करीब 35 वर्ष पत्नी श्याम कुमार निवासिनी ग्राम बंजारी तहसील औराई थाना गोपीगंज जनपद भदोही पुत्री सुरेश गौतम हाल पता जोगापुर (सूर्यभानपुर तहसील ज्ञानपुर थाना कोईरौना जनपद भदोही। –विपक्षी

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 22 माह 04 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके, जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि इसी रोज जुमला दस्तावेज को पेश करे। आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर तारीख 22–04–2026 तनकीह पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मजमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

–आज्ञा से
प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय भदोही, जनपद भदोही

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (सी.डि.)
द्वितीय भदोही, जनपद भदोही
वाद सं. 103 दीवानी 2016

**आद्या प्रसाद बनाम रामकृष्ण आदि**

बनाम– 25/1. वैभवी उम्र करीब 13 वर्ष पुत्री स्व. सुरेन्द्र कुमार 25/2. देवांश उम्र करीब 9 वर्ष पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार संरक्षक विजेन्द्र कुमार पुत्र रमापति साकिनान पूरेरजा तालुका कोढ़ तहसील ज्ञानपुर जनपद भदोही। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 02 के 25 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

25.02.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (सी.डि.) द्वितीय भदोही, जनपद भदोही

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
धारा 116 उप्रारासं. 2006 मौजा पठखौली

**मोतीलाल** पुत्र लखन साकिन पठखौली तप्पा कोठा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –वादी

बनाम

**छोटेलाल** पुत्र लखन 2. अमृत 3. चन्द्रिका पुत्रगण मोहित 4. फूला पत्नी हीरा 5. हंसा 6. निशा 7. सोनी 8. अलका पुत्रीगण हीरा साकिनान पठखौली तप्पा कोठा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 9. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत पठखौली तप्पा कोठा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 10. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 21 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 07 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम फैसल खान था जिसे बदलकर मैंने फैसल अब्दुल्लाह कर लिया है। भविष्य में मुझे **फैसल अब्दुल्लाह** नाम से जाना, पहचाना जाए। फैसल अब्दुल्लाह पुत्र अब्दुल्लाह खान निवासी ग्राम व पोस्ट फरिहा थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़।

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
मु.नं. टी 202515060105953
धारा 24 उप्रारासं. 2006 मौजा खोजापुर माधोपट्टी

**जयहिन्द बनाम चकमार्ग आदि**

बनाम– फौजदार पुत्र बाबूनन्दन साकिन गंगटिया परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 2. लालसा 3. विक्रम पुत्रगण गंगा 4. अमित पुत्र गिरधर 5. कमलेश 6. रणधीर पुत्रगण भूखन 7. दधिबल 8. दिनेश 9. दीनानाथ पुत्रगण दुलारे 10. पियारी पत्नी भूखन 11. मु. शीतला देवी पत्नी दुलारे 12. आशीष पुत्र देवनाथ 13. नन्दलाल 14. राहुल पुत्रगण बैजनाथ 15. प्रमिला पत्नी देवनाथ 16. रंजन पुत्र देवनाथ 17. बसन्ती पत्नी बैजनाथ साकिनान खोजापुर माधोपट्टी परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 13 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
धारा 24 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा सुहवल

**जितेन्दर कुमार बनाम रामपलट**

बनाम– जगदीश पुत्र भगेलू साकिन सुहवल परगना चिरैयाकोट तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादी

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 21 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर आयुक्त प्रशासन
आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़
धारा 219 भू. राजस्व अधि. मौजा हरिवंशपुर

**राजेन्द्र बनाम रामदेव आदि**

बनाम– जीवन 2. अजय पुत्रगण स्व. रामदेव 3. सुलचन्द पुत्र बालकिशुन 4. निलेश कुमार 5. विवेक पुत्रगण नन्दू 6. सुनीता पत्नी नन्दू 7. अमित कुमार 8. शैलेश पुत्रगण रामाश्रय 9. रामबचन पुत्र पतिराम 10. हर्ष कुमार पुत्र कुसुमाकर 11. सुधीर कुमार 12. राजीव 13. रविकुमार पुत्रगण बेचन 14. रामरती पत्नी बेचन 15. संजय कुमार 16. मनोज कुमार 17. सनोज कुमार 18. दीपू पुत्रगण सोचन 19. लखपत्ती पत्नी सोचन 20. भोलेनाथ पुत्र देवन 21. ज्ञानचन्द पुत्र झीनक साकिनान हरवंशपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 22. सुरेन्द्र 23. अमरनाथ पुत्रगण वासदेव 24. वीरेन्द्र 25. रविन्द्र पुत्रगण सत्यदेव उर्फ सामदेव 26. हरेन्द्र पुत्र वसन्ता 27. कन्ता 28. लालसा पुत्रगण रामदेव साकिनान सर्फद्दीनपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 29. नगर पालिका परिषद बजरिये अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 11 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 21 माह 01 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़

**उदयराज आदि बनाम गांवसभा आदि**

बनाम– गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत आहोपट्टी परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 2. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़ 3. कलावती पत्नी रामलखन 4. बांके पुत्र रामलखन साकिनान आहोपट्टी परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 12 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 05 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अतिरिक्त अधिकारी द्वितीय, आजमगढ़
धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा प्यारेपुर

**रामचन्दर बनाम इनरू आदि**

बनाम– इनरू पुत्र रामप्रसाद 2. जयप्रकाश पुत्र भगेलू साकिनान चकशेष अहमद उर्फ चकिया परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 3. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत प्यारेपुर परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 4. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 18 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा वास्ते पेश करने वजह इस अम्र के कि तजबीजसानी क्यों ना मंजूर होनी चाहिए। (आर्डर 47 कायदा 4 मजमुआ जाविता दीवानी)
बअदालत अपर तहसीलदार
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
वाद सं. 7600/2024
क.वाद सं. 202415060107600
धारा 34/35 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा गोंछा

**खुशनमा बनाम किताबुन्निसा**

बनाम–खुशनमा पुत्री अब्दुल बारी पत्नी आरिफ निवासी ग्राम गोंछा परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादिनी

मुत्तिला हो कि **किताबुन्निसा** ने इस अदालत में वास्ते तजबीजसानी मुसद्दिरह तारीख 00 माह 00 सन् 0000 ई0 मुकदमा मरकूमहवाला के दरख्वास्त गुजरानी है। तारीख 17 माह 02 सन् 2026 ई0 इसलिए मुकर्रर हुई है कि आप वजह जाहिर कीजिए कि इस मुकदमें फैंसला की तजबीजसानी क्यों न मंजूर होनी चाहिए।

आज बतारीख 04 माह 02 सन् 2026 ई0 मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया जाय। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 35 (2) उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा सोधन पट्टी

**जयप्रकाश गौतम** पुत्र स्व. रामजीत राम निवासी साकिन सोधन पट्टी परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –अपीलार्थी

बनाम

**जयप्रकाश राय** पुत्र स्व. केशव राय निवासी सोधन पट्टी परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –विपक्षी

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद शकील मंसूरी (MOHAMMAD SHAKEEL MANSOORI) था जिसे बदलकर मैंने सकील (SAKIL) कर लिया है। भविष्य में मुझे **सकील (SAKIL)** नाम से जाना, पहचाना जाए। सकील (SAKIL) पुत्र अब्दुर रऊफ निवासी ग्राम सुलेमापुर पोस्ट मुतकल्लीपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़

**सत्य नरायन आदि बनाम ग्राम पंचायत आदि**

बनाम– गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत जोलहापुर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़, फागू, रामनयन, रामनाथ पुत्रगण चिनगी साकिन जोलहापुर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़, मां सरस्वती सोमारी हरिजन प्रबन्धक ओम नरायन पुत्र रामानन्द, रामचन्द पुत्र शीतल, उमेश, सन्तू, मनीष पुत्रगण कृष्ण चन्द, महातम, आत्मा, उमेश, रमेश पुत्रगण किशोर, अनुराग, धनुराग पुत्रगण दिनेश, गीता पत्नी दिनेश साकिनान जोलहापुर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 21 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी प्रशासन, आजमगढ़
धारा 30 उप्रारासं. 2006 मौजा बद्दोपुर

**मुन्नू** पुत्र दलसिंगार साकिन बद्दोपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –वादी

बनाम

**गांवसभा** बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत बद्दोपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 2. हरिवंश पुत्र कल्पनाथ 3. दीनानाथ 4. उमेश उपाध्याय 5. घनश्याम उपाध्याय 6. रत्नाकर उपाध्याय 7. विनोद उपाध्याय पुत्रगण स्व. राजपत साकिनान बद्दोपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 10 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर, आजमगढ़
मु.नं. टी 202515060611141 सन् 2025
धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा महादेवपुर

**रमाकान्त** पुत्र जंगली साकिन महादेवपुर परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़। –वादी

बनाम

**चन्द्रभान** पुत्र जंगली साकिन महादेवपुर परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़ 2. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत महादेवपुर परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 11 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 21/24 उ.प्र.रा.सं. 2006 आ.नं. 143/.337 हे. मौजा देवा विन्दवल

**मनभावती** पत्नी सुरेन्द्र साकिन देवा विन्दवल परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –वादिनी

बनाम
**गांवसभा आदि**

**नूरजहां** पत्नी ग्यास आलम 2. आकिब 3. आमीर 4. आसिफ 5. इनक पुत्रगण ग्यास आलम 6. शाह आलम 7. जाने आलम पुत्रगण सादिक 8. नजरे आलम पुत्र ग्यास आलम साकिनान देवा विन्दवल परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 27 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 आ.नं. 286/0.016 हे. मौजा अकबरपुर

**छोटई** पुत्र नरायन साकिन अकबरपुर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –वादी

बनाम

**सियाऊ** 2. सोनई पुत्रगण नरायन 3. बाबूलाल पुत्र तपसी 4. मालती पत्नी तपसी 5. रामनाथ पुत्र फेरई साकिनान अकबरपुर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 6. नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बजरिऐ भूमि प्रबन्धक समिति अकबरपुर नगर पालिका परिषद बिलरियागंज परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 27 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दी आर्य शिक्षा मण्डल, मऊनाथ मंजन, मऊ समिति के साधारण सभा के सदस्यों (सीता राम साहू, ओमप्रकाश आर्य, ब्रम्हदेव राय राजबहादुर प्रसाद, राजनारायण मेहरोत्र, रामचन्द्र सिंह, डा० देवभूषण पाण्डेय, जनार्दन प्रसाद अग्रवाल, बृजबिहारी लाल टंडन एवं पार्वती मिश्रा) की मृत्योपरान्त रिक्त पदो की पूर्ति हेतु आवेदन फार्म कार्यालय से दिनांक 16.02.2026 को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त करना, उसी तिथि को जमा एवं आवश्यकता पड़ने पर 01 बजे चुनाव की कार्यवाही सम्पन्न करानें के फलस्वरूप परिणाम की घोषणा तक। –सचिव

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर आयुक्त प्रशासन
आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़
धारा 210 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा सेनपुर

**चनरमा देवी**
बनाम
**अपर जिलाधिकारी प्रशासन व अन्य**

बनाम– अपर जिलाधिकारी प्रशासन आजमगढ़ 2. हरिनाथ पुत्र रामदयाल 3. राजकुमारी पत्नी हरिनाथ साकिनान सेनपुर परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़ 4. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत सेनपुर परगना अतरौलिया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़

**कन्हैया बनाम नरेन्द्र**

बनाम– रवि यादव 2. रितेश यादव पुत्रगण कन्हैया 3. शान्ति देवी पत्नी कन्हैया साकिनान कोडर अजमतपुर तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 13 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा मझौआ

**फेरई बनाम अम्बिका आदि**

बनाम– अम्बिका 2. रामचन्दर पुत्रगण घेरई 3. सुनीता पत्नी चन्द्रिका साकिनान मझौआ परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 4. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत मझौआ परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 23 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 19 माह 01 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़

**जंगबहादुर आदि बनाम सरकार**

बनाम– राकेश 2. बृजेश पुत्रगण रणजीत साकिनान बबुरा व्यवहारडीह तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 27 माह 02 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय भदोही, जनपद भदोही
नं.मु. 402 विवाह पुर्नस्थापन सन् 2025
धारा–9 हिन्दू विवाह अधिनियम

**अभय कुमार गिरी** उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र श्री हंसराज गिरी, निवासी ग्राम महदेवा पोस्ट डीघ, थाना कोइरौना तहसील ज्ञानपुर जनपद भदोही। –वादी

बनाम

**रेखा गिरी** उम्र करीब 35 वर्ष पत्नी अभय कुमार गिरी पुत्री जितेन्द्रयति निवासी धर्मशाला चौराहा पानी की टंकी के पास रावर्टसगंज थाना व तहसील रावर्टसगंज जिला सोनभद्र। –प्रतिवादिनी

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 17 माह 04 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके, जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि इसी रोज जुमला दस्तावेज को पेश करे। आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर तारीख 17–04–2026 तनकीह पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मजमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

–आज्ञा से
प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय भदोही, जनपद भदोही

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
धारा 30 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा तुरकौली

**जगराम** पुत्र भुलई साकिन तुरकौली तप्पा हवेली परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –वादी

बनाम

**उ.प्र. सरकार** बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़ 2. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत तुरकौली तप्पा हवेली परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 3. रामप्रसाद पुत्र भुलई साकिन तुरकौली तप्पा हवेली परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 06 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 134 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा मधुबन परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़

**मालवीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल**
बनाम
**पलकधारी आदि**

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 06 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

**संस्थापक :**
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

सम्पादक :
**श्री विजय कुमार यादव**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वाभिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़–276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.–92
टेली फैक्स : 05462–297576
मोबाइल : 9415370246
RNI NO. 56765/92

## शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, गले में संक्रमण के बाद अस्पताल में हुए भर्ती

**मुंबई, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, 85 वर्ष, को सोमवार दोपहर गले में खराश और खांसी की शिकायत के बाद बारामती स्थित उनके आवास से पुणे के एक अस्पताल में ले जाया जा रहा था। एनसीपी (एसपी) प्रमुख के भतीजे श्रीनिवास पवार ने बताया कि पवार को कल रात से लगातार खांसी आ रही थी और सीने में जकड़न के लक्षण दिखाई दे रहे थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के लिए पुणे ले जाया गया। रूबी हॉल क्लिनिक के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ और प्रबंध न्यासी डॉ. परवेज ग्रांट ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की। डॉ. ग्रांट ने कहा कि पहुँचने पर डॉक्टरों की एक टीम उनकी जाँच करेगी और उसके अनुसार आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। शरद पवार मुख कैंसर से उबर चुके हैं, जिसका निदान 1990 के दशक के उत्तरार्ध में हुआ था। उन्होंने इस बीमारी के इलाज के लिए अमेरिका और भारत में कई सर्जरी करवाईं।

## स्पीकर ने पीएम को बचाने के लिए हमें बदनाम किया-कांग्रेस

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महिला सांसदों ने सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी ने उन्हें उनके खिलाफ झूठे, निराधार और मानहानिकारक दावे करने के लिए मजबूर किया। अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में न आने का आग्रह किया था ताकि कोई अप्रिय घटना न हो, क्योंकि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ कांग्रेस सांसद सदन में प्रधानमंत्री की सीट पर आकर अभूतपूर्व घटना को अंजाम दे सकती हैं। सांसदों ने कहा कि सदन में उनका विरोध शांतिपूर्ण और संसदीय मानदंडों के अनुरूप था, लेकिन उन्हें अभूतपूर्व रूप से निशाना बनाया गया। पत्र में सांसदों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लगातार चार दिनों तक बोलने का अवसर नहीं दिया गया, जबकि एक भाजपा सांसद को पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में अश्लील और अभद्र टिप्पणी करने की अनुमति दी गई।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा की आग, उखरुल में उग्रवादियों ने फूँके दर्जनों घर

मणिपुर , **09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** उखरुल जिले में एक बार फिर सांप्रदायिक तनाव और हिंसा का तांडव देखने को मिला है। रविवार रात सशस्त्र उग्रवादियों ने लिटान सारेइखोंग क्षेत्र में कई मकानों को आग के हवाले कर दिया। यह हिंसा तंगखुल नगा समुदाय के एक व्यक्ति पर हुए कथित हमले के बाद उपजे तनाव का परिणाम बताई जा रही है। प्रशासन ने स्थिति को अनियंत्रित होते देख जिले में तत्काल प्रभाव से निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिसके कारण प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी।उन्होंने बताया कि मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों द्वारा आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लितान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है।

## दिल्ली के स्कूलों में बम की दहशत, कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को मिले धमकी भरे ईमेल

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** देश की राजधानी में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली के कई प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए। इन ईमेल के मिलने के बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल विभाग की टीमों ने तुरंत मोर्चा संभाला और प्रभावित स्कूलों में गहन तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, ईमेल में कई स्कूलों के नाम थे, जिनमें पूर्वी दिल्ली का एल्कोन स्कूल, रोहिणी का बाल भारती स्कूल, अशोक विहार का जसपाल कौर स्कूल और माता जय कौर स्कूल शामिल हैं।धमकी भरे ईमेल सुबह स्कूल मैनेजमेंट को मिले, जिसके बाद पुलिस और फायर डिपार्टमेंट को सूचना दी गई। इमरजेंसी टीमों ने स्कूल परिसर की पूरी तरह से जांच की, लेकिन अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

## दिल्ली में नाबालिग लड़की की संदिग्ध रूप से तेजाब पीने से मौत

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके से एक रूह कपा देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना ने तब नया मोड़ ले लिया जब मृतका की मां ने पति पर यौन उत्पीड़न और जबरन तेजाब पिलाने के गंभीर आरोप लगाए। पुलिस अब इन विरोधाभासी बयानों और मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, लड़की की मां द्वारा दिए गए बयान भी विरोधाभासी हैं और इनकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीन जुलाई को गीता कॉलोनी निवासी लड़की का विवाह उत्तर प्रदेश के रामपुर के 22 वर्षीय युवक से दोनों परिवारों के सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, दोनों परिवार दूर के रिश्तेदार हैं। पिछले साल 29 अक्टूबर को दिल्ली के मौलाना आजाद अस्पताल से गीता कॉलोनी पुलिस थाने में लड़की के संबंध में एक मेडिको लीगल मामला (एमएलसी) की जानकारी दी गयी। एमएलसी में तेजाब पीने का जिक्र था और उसमें मारपीट का कोई विवरण दर्ज नहीं था।

## रायबरेली में तेज रफ्तार कार ने निर्माणाधीन एक्सप्रेस पर आठ लोगों को टक्कर मारी, चार की मौत

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में रविवार को एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना घटित हुई। जगतपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर जनौली गांव के पास निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे आठ लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में चार युवतियों की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कोडर गांव के निवासी चुली गांव में आयोजित एक सामुदायिक भोज में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी लोग निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो महिलाओं, हिमांशी (23) और शालिनी (22) की मौके पर ही मौत हो गई।घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां रश्मी (14) और आसमा (22) ने बाद में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक हादसे में रिया पटेल (14), प्रिया पटेल (12),साधना (नौ), मीना (22) और रेशमा (14) घायल हुई हैं जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

## इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी

**बेंगलुरु, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मॉन्स माउटनक्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मॉन्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है। हालांकि, लैंडिंग साइट को लेकर अंतिम फैसला लॉन्च के करीब लिया जाएगा।वैज्ञानिकों के मुताबिक यह इलाका इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां लंबे समय तक सूर्य की रोशनी मिलती है। इसके अलावा इस क्षेत्र में वॉटर आइस मौजूद होने की संभावना भी जताई जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वैज्ञानिकों ने इस स्टडी को लूनर एंड प्लैनेटरी साइंस कॉन्फ्रेंस में पेश किया गया। लैंडिंग साइट तय करने के लिए चंद्रयान-2 ऑर्बिटर पर लगे ऑर्बिटर हाई रेजोल्यूशन कैमरे (डल्रफ्छ) की तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया। यह कैमरा चंद्र सतह को करीब 32 सेंटीमीटर प्रति पिक्सल के रेजोल्यूशन में दिखाता है। इससे छोटे क्रेटर, पत्थर, ढलान और सतह की बनावट साफ नजर आती है, जिससे लैंडिंग के लिए खतरनाक इलाकों की पहचान पहले ही हो जाती है।इस साइट पर औसतन ढलान करीब 5 डिग्री है, जबकि लैंडर 10 डिग्री तक के ढलान पर उतरने में सक्षम है। यहां बड़े पत्थर कम हैं और ज्यादातर बोल्डर 0.3 मीटर से छोटे पाए गए हैं, जिससे लैंडिंग का जोखिम कम हो जाता है।2104 करोड़ रुपए के इस मिशन में चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। मिशन में दो अलग-अलग रॉकेट का इस्तेमाल होगा। हैवी-लिफ्टर और इसरो का रिलायबल वर्कहॉर्स अलग-अलग पेलोड लेकर जाएंगे।स्टैक 1 में लूनर सैंपल कलेक्शन के लिए एसेंडर मॉड्यूल और सतह पर लूनर सैंपल कलेक्शन के लिए डिसेंडर मॉड्यूल शामिल हैं। स्टैक 2 में थ्रस्ट के लिए एक प्रोपल्शन मॉड्यूल, सैंपल होल्ड के लिए ट्रांसफर मॉड्यूल और सैंपल को पृथ्वी पर लाने के लिए री-एंट्री मॉड्यूल शामिल हैं। चंद्रयान-4 को इसरो का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन माना जा रहा है।

# भारत-कनाडा मिलकर सिखाएंगे खालिस्तानियों को सबक

### अजित डोभाल के दौरे से भारत-कनाडा रिश्तों में आई नई गर्माहट



**टोरंटो, 09 फरवरी (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।** भारत और कनाडा के रिश्तों में पिछले कुछ समय से चला आ रहा तनाव अब कम होता दिख रहा है।इस बदलाव के केंद्र में हैं भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की हालिया कनाडा यात्रा, जिसने दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को नई दिशा दी है। यह यात्रा भरोसे की फिर से स्थापना और साझा हितों पर आगे बढ़ने का स्पष्ट संकेत थी।हम आपको बता दें कि अजित डोभाल ने ओटावा में कनाडा के शीर्ष सुरक्षा और नीति अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत की। इन बैठकों में दोनों देशों ने एक साझा कार्य योजना पर सहमति जताई जिसका मकसद सुरक्षा और कानून प्रवर्तन सहयोग को मजबूत करना है। तय हुआ कि दोनों देश अपने सुरक्षा और कानून प्रवर्तन तंत्र के बीच सीधा संपर्क बढ़ाएंगे, लायजन अधिकारी तैनात करेंगे और सूचनाओं का तेज आदान-प्रदान सुनिश्चित करेंगे।

बातचीत के प्रमुख विषयों में साइबर सुरक्षा, संगठित अपराध, ड्रग तस्करी, अवैध वित्त प्रवाह, आव्रजन से जुड़ी धोखाधड़ी और ट्रांसनैशनल अपराध शामिल रहे। खास जोर इस बात पर रहा कि नई तकनीक और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर अपराध करने वाले नेटवर्क से मिलकर निपटा जाए।

कनाडा की ओर से यह भी संकेत दिया गया कि उसकी जमीन का उपयोग किसी भी तरह की हिंसक अलगाववादी गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया जाएगा। यह बात भारत के लिए खास मायने रखती है, क्योंकि लंबे समय से भारत कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी तत्वों को लेकर चिंता जताता रहा है।

गौरतलब है कि 2023 में एक खालिस्तानी उग्रवादी की हत्या के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तीखा तनाव आया था। आरोप और प्रत्यारोप चले, राजनयिक स्तर पर कड़वाहट बढ़ी और भरोसे में कमी आई। ऐसे माहौल में डोभाल की यह यात्रा एक भरोसा बहाल करने वाला कदम मानी जा रही है।अब संकेत साफ हैं कि दोनों देश मतभेदों को पीछे छोड़कर व्यावहारिक सहयोग की राह पर चलना चाहते हैं। आने वाले समय में व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी रिश्तों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री की प्रस्तावित भारत यात्रा को भी इसी क्रम में देखा जा रहा है, जो इस नई समझ को और मजबूती दे सकती है। देखा जाए तो अजित डोभाल की कनाडा यात्रा का महत्व केवल कागजी समझौतों में नहीं, बल्कि उसके सामरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव में है। यह यात्रा तीन स्तर पर असर डालती दिखती है। पहला, इसने साफ किया कि भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं पर समझौता करने वाला देश नहीं है। चाहे मामला साइबर खतरे का हो या अलगाववादी नेटवर्क का, भारत अब सीधे, स्पष्ट और परिणाम केंद्रित संवाद करता है।

दूसरा, यह खालिस्तानी तत्वों के लिए एक सख्त संदेश है। लंबे समय तक उन्हें यह भरोसा रहा कि विदेश की जमीन पर वे राजनीतिक अभिव्यक्ति के नाम पर भारत विरोधी अभियान चला सकते हैं। पर जब मेजबान देश खुद सुरक्षा सहयोग पर सहमत हो और ऐसी गतिविधियों को कानून व्यवस्था का विषय माने, तो उनके लिए जगह सिमटती है।

## भाईजान सिर्फ भीड़ जुटाने के लिए बुलाए गए-संजय राउत



**मुंबई, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक बड़े कार्यक्रम में सलमान खान समेत बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुईं। संजय राउत ने इस पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या सलमान खान को सिर्फ भीड़ जुटाने के लिए बुलाया गया था? उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से सवाल किया कि क्या यह कदम सिर्फ यह दिखाने के लिए है कि अब संघ में मुसलमानों का स्वागत है? राउत ने यह भी दावा किया कि कई लोग वहां अपनी मर्जी से नहीं, बल्कि दबाव में गए थे।संजय राउत ने अपनी पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक खास अपील की है। उन्होंने कहा कि उद्धव जी को फिर से विधान परिषद में लौटना चाहिए। राउत के अनुसार, मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर चुके उद्धव ठाकरे की मौजूदगी राज्य के लोगों और विपक्ष की मजबूती के लिए विधानसभा में बहुत जरूरी है। यह पूरे महा विकास अघाड़ी गठबंधन की इच्छा है।

मुंबई की नई मेयर रितु तावड़े को लेकर भी संजय राउत ने कड़े शब्द इस्तेमाल किए। उन्होंने उन्हें 'कांग्रेस से उधार लिया हुआ' उम्मीदवार बताया। राउत ने दावा किया कि बीजेपी को केवल शिवसेना (यूबीटी) के दबाव की वजह से एक मराठी मेयर नियुक्त करना पड़ा है क्योंकि उनकी पार्टी लगातार 'मराठी अस्मिता' का मुद्दा उठा रही थी।संजय राउत ने जिला परिषद के चुनावों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पैठन का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एक विधायक छोटे बच्चों को वोट डलवाने ले आए थे और ईवीएम में भी गड़बड़ी की खबरें मिलीं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि अब चुनाव, चुनाव नहीं रहे बल्कि एक 'बच्चों का खेल' बन गए हैं।

## विपक्ष में संसद का गला घोंटा जा रहा हैं-प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को बोलने की अनुमति न दिए जाने के बाद लोकसभा में मचे हंगामे के बीच, पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि यह लोकतंत्र नहीं है जहां विपक्ष के नेता को अपने विचार रखने की अनुमति न दी जाए।मीडिया से बात करते हुए प्रियंका ने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी को एक मिनट भी बोलने की अनुमति न देना हास्यास्पद है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि हम सदन (लोकसभा) जाते हैं और बस बाहर आ जाते हैं। विपक्ष के नेता को एक मिनट भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। यह हास्यास्पद है। यह लोकतंत्र नहीं है। हम यहां किसलिए आते हैं? उन्हें बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए।यह घटना तब हुई जब विपक्ष द्वारा राहुल गांधी को बोलने की अनुमति न दिए जाने के विरोध में कई बार सदन स्थगित करने के बाद सदन फिर से शुरू हुआ। विपक्ष के विपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उन्हें अपने विचार रखने की अनुमति दी जाएगी। गांधी ने सदन में कहा कि एक घंटे पहले सदन का एक सदस्य अध्यक्ष के पास गया था, अध्यक्ष ने हमें आश्वासन दिया था कि मुझे यहां बोलने और बजट चर्चा से पहले कुछ मुद्दे उठाने की अनुमति दी जाएगी। अब आप अपने वादे से मुकर रहे हैं। इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि क्या मुझे वे मुद्दे उठाने की अनुमति है या नहीं?केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में लगातार व्यवधान पैदा करने के लिए विपक्ष की आलोचना की। इसके अलावा, प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला पर उनके उस बयान को लेकर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सदन में न आने का आग्रह किया था, क्योंकि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ कांग्रेस सांसद सदन में प्रधानमंत्री की सीट पर आकर अभूतपूर्व घटना को अंजाम दे सकते हैं।

## सरकार की संसद चलाने में कोई दिलचस्पी नहीं-थररु

**नई दिल्ली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और लोकसभा अध्यक्ष पर संसद चलाने में रुचि न रखने का आरोप लगाया और कहा कि लोकसभा में बार-बार व्यवधान के कारण वे केंद्रीय बजट 2026-27 पर बोलने में असमर्थ रहे। सदन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा कि वे बजट पर चर्चा में भाग लेने की तैयारी के साथ आए थे, लेकिन उन्हें ऐसा करने का कोई अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार और लोकसभा अध्यक्ष सदन चलाने में रुचि नहीं रखते हैं।शशि थरूर ने आगे कहा कि वे दिन में बाद में फिर से बोलने का प्रयास करने के लिए लौटेंगे। थरूर ने कार्यवाही के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अनुपस्थिति की ओर भी इशारा किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि स्थगन की आशंका पहले से ही थी।

## राफेल की बड़ी ताकत, भारत फ्रांस से खरीदेगा स्कैल्प मिसाइल



**नई दिल्ली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग को लेकर दो अहम खबरें सामने आई हैं जो भारत की सैन्य तैयारी, वायु शक्ति और सामरिक सोच की नई दिशा को दिखाती हैं। एक तरफ लंबी दूरी की स्कैल्प क्रूज मिसाइलों के लिए हजारों करोड़ रुपये का प्रस्तावित सौदा चर्चा में है तो दूसरी तरफ 114 राफेल युद्धक विमानों की खरीद को मंजूरी मिलने की संभावना तेज हो गई है। इन दोनों घटनाओं को साथ रखकर देखें तो साफ दिखता है कि भारत अपनी वायु शक्ति को नई धार देने के चरण में है।स्कैल्प मिसाइल सौदे की बात करें तो आपको बता दें कि भारत और फ्रांस के बीच करीब 3200 करोड़ रुपये के स्कैल्प मिसाइल सौदे पर बातचीत अंतिम दौर में बताई जा रही है। स्कैल्प एक लंबी दूरी की एयर टू सरफेस क्रूज मिसाइल है, जिसे बहुत सटीक प्रहार के लिए जाना जाता है। इसकी मारक दूरी 250 किलोमीटर से अधिक बताई जाती है और यह दुश्मन के मजबूत हवाई रक्षा तंत्र को चकमा देकर अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सक्षम है।इन मिसाइलों का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि भारतीय वायु सेना पहले ही इनका उपयोग ऑपरेशन सिंदूर में कर चुकी है। उस अभियान में कई अहम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और बताया गया कि मिसाइलों ने तय लक्ष्य पर बेहद सटीक प्रहार किया। इस अनुभव ने यह भरोसा मजबूत किया कि ऐसी मिसाइलें भविष्य के किसी भी टकराव में भारत को दूर से सटीक प्रहार की ताकत देती हैं।स्कैल्प जैसी मिसाइलें पारंपरिक सीमा संघर्ष से आगे की सोच को दिखाती हैं। अब युद्ध केवल सीमा पर तैनात सैनिकों का मामला नहीं रह गया है, बल्कि दूर बैठे दुश्मन के कमांड सेंटर, हथियार भंडार, आतंकी ढांचे और अहम ठिकानों को बिना सीमा पार किए निशाना बनाने की क्षमता भी उतनी ही जरूरी हो गई है। इस नजरिए से यह सौदा भारत की गहरी प्रहार क्षमता को मजबूत करता है।इसके अलावा, दूसरी बड़ी खबर 114 राफेल युद्धक विमानों की संभावित खरीद से जुड़ी है। माना जा रहा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से पहले इस पर अहम फैसला हो सकता है।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अतरौलिया, आजमगढ़।

पत्रांक 2019 / लेखा/निविदा/2025-26 दिनांक 06 फरवरी, 2026

## अल्पकालिक निविदा

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत अतरौलिया की बैठक से प्राप्त प्रस्ताव एवं समिति द्वारा लिये गये कार्य जिनकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है, के क्रम में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित परियोजनाओं का कार्य कराने हेतु सरकारी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा पत्र आमंत्रित की जाती है। सभी पंजीकृत ठेकेदार अपनी निविदा सील बन्द लिफाफे में विकास खण्ड कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में दिनांक 07.02.2026 से दिनांक 22.02.2026 तक निविदा फार्म डाला जायेगा। प्राप्त निविदाएं दिनांक 22.02.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा खोला जायेगा। अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत होने के कार्यादेश के पूर्व टेण्डर की धनराशि तथा 02 प्रतिशत धरोहर की धनराशि भी एफ०डी०आर० के रूप में जमा करनी होगी, जो खण्ड विकास अधिकारी अतरौलिया के पक्ष में बन्धक होगी। बिना धरोहर धनराशि के कार्यादेश निर्गत नहीं किया जायेगा। कार्य के पश्चात भुगतान पी०एफ०एम०एस० के माध्यम से उपलब्ध धनराशि के अनुसार किया जायेगा। टी०डी०एस०, जी०एस०टी०, लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी। किसी एक निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र० सं० | नाम परियोजना | स्वीकृत लम्बाई (मी० में) | स्वीकृत धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत रूकमलपुर में घनश्याम निषाद के घर से माधव यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 140 | 9.92 |
| 2 | ग्राम पंचायत अनन्तपुर में अवशेष नाली निर्माण कार्य | 100 | 4.82 |
| 3 | ग्राम पंचायत छितौनी खास में डीह बाबा के आगे हाईवे तक पटिया सहित नाली निर्माण कार्य | 165 | 9.19 |
| 4 | ग्राम पंचायत सूखीपुर में पीच रोड डीह बाबा के बगल से होते हुए विजय कान्त मिश्र के घर तक खडण्जा कार्य | 130 | 2.39 |
| 5 | ग्राम पंचायत सूखीपुर में सी०सी० रोड से काली जी मन्दिर तक खण्डजा कार्य | 75 | 1.44 |
| 6 | ग्राम पंचायत योगीपुर में इन्द्रसेन यादव के घर से पीच रोड तक खण्डजा कार्य | 216 | 4.34 |
| 7 | ग्राम पंचायत कन्तालपुर में क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित नाली के दोनों तरफ खण्डजा मरम्मत कार्य | 500 | 5.99 |
| 8 | ग्राम पंचायत भोराजपुर कलां में सर्विस रोड से पीच रोड तक खण्डजा कार्य | 200 | 4.24 |
| 9 | ग्राम पंचायत ध्यानीपुर में पीच रोड से महेन्द्र के घर तक खण्डजा कार्य | 215 | 4.32 |
| 10 | ग्राम पंचायत मदनपट्टी में खण्डजा मरम्मत कार्य | 400 | |
| 11 | ग्राम पंचायत महादेवपुर में दलित बस्ती से ठूहिया ताल की तरफ खण्डजा कार्य | 200 | 3.48 |
| 12 | ग्राम पंचायत महादेवपुर में पीच रोड से खीरीडीहा सिवान तरफ खण्डजा कार्य | 300 | 5.19 |

**नियम व शर्ते-**

1. सम्बन्धित निर्माण कार्य के अनुरूप निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ०प्र० लखनऊ के शासनादेश संख्या तक०सेल०/07/निदे०/2019 दिनांक 29.06.2019 के अनुसार हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. तकनीकी बिड के साथ निविदा दाता को वर्तमान में प्रभावी हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आयकर, जी०एस०टी०,पैन, आधार कार्ड, श्रम विभाग प्रमाण पत्र, विभागी रजिस्ट्रेशन एवं शपथ पत्र के स्टॉम्प पेपर पर अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक कार्य का अनुरक्षण / रख रखाव की अवधि एक वर्ष होगी, यदि कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार की क्षति पायी जाती है तो सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार/फर्म की होगी, एवं ठेकेदार द्वारा जमा धरोहर धनराशि उक्त अवधि समाप्त होने एवं कार्य संतोषजनक के पश्चात ही अवमुक्त की जायेगी।
4. कार्य प्रारम्भ से पूर्व कार्य स्थल पर सी०आई०बी० बोर्ड (साईन बोर्ड) लगाना अनिवार्य होगा।
5. जिस निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत होगी, उसको निर्माण कार्य प्रारम्भ से पूर्व, मध्य एवं अन्त की फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।
6. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी तथा समस्त निविदाओं का न्यायिक क्षेत्र तहसील बूढनपुर, आजमगढ़ होगा।
7. निविदादताओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
8. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण कराना होगा, किसी भी प्रकार की कोई समय वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।
9. सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य पूर्ण कराने के उपरान्त बिल भुगतान हेतु फोटोग्राफ सहित खण्ड विकास अधिकारी अतरौलिया के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**अतरौलिया, आजमगढ़।**

# ट्रेड डील पर पारदर्शिता की कमी के चलते उठ रहे सवाल

बीते शनिवार जारी किए गए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रारूप को लेकर उठ रहे सवालों ने फिर उस मूलभूत सवाल को पुख्ता किया है कि मुक्त व्यापार समझौते की कीमत कौन चुकाएगा? साथ ही यह भी कि इसका लाभ किसे मिलेगा? इस समझौते से जुड़ी आशंकाओं को लेकर कुछ किसान संगठन आगामी 12 फरवरी को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। निस्संदेह, उनकी आशंकाएं सिर्फ सोयाबीन तेल, सूखे अनाज और सेब पर आयात शुल्क में छूट को लेकर ही नहीं हैं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और भारतीय कृषि के भविष्य को लेकर भी हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार दावा कर रही है कि किसान हितों की रक्षा के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। निस्संदेह, कागजों पर तो ये आश्वासन राहत देने वाले लगते हैं, लेकिन व्यवहार में किसानों की आशंकाओं से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ हुए पिछले मुक्त व्यापार समझौतों के कारण सस्ते आयात में भारी वृद्धि हुई, फलतः कमजोर किसानों की दशा खराब हुई। निर्विवाद रूप से भारी सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी सेब से हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों के लिए मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण होगा। हिमाचल के सेब उत्पादक संगठनों का कहना है कि अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क पचास से 25 प्रतिशत करना व न्यूनतम आयात मूल्य 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम करने से यह स्वदेशी प्रीमियम सेवा के दाम पर बाजार में बिकने लगेगा। जिसके चलते भारतीय उपभोक्ता समान मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले अमेरिकी सेब को तरजीह देंगे। साथ ही सेब का कोल्ड स्टोरेज में संग्रह करना अलाभकारी हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार का दावा है कि कृषि और दुग्ध उद्योग संरक्षित रहेंगे। जबकि संयुक्त समझौते में कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क कम करने और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने की बात कही गई है। कम आय, बढ़ती लागत और बढ़ते कर्ज से जूझ रहे किसानों को इन गंभीर मुद्दों पर स्पष्टता चाहिए। यही वजह है कि कई किसान संगठनों, विपक्षी दलों और कुछ राज्य सरकारों ने मांग की है कि इस समझौते का पूरा विवरण संसद के समक्ष रखा जाए। निस्संदेह, यह मांग तार्किक है क्योंकि व्यापार समझौते भी घरेलू कानूनों की तरह ही आजीविका को गहराई तक प्रभावित करते हैं। कृषि विशेषज्ञ मान रहे हैं कि मजबूत घरेलू समर्थन, उचित मूल्य, सब्सिडी, बुनियादी ढांचे और जोखिम संरक्षण दिए बिना, बाजारों को खोलने के कदम छोटे और सीमांत किसानों पर भारी पड़ सकते हैं। इसी फिक्र के चलते हड़ताल एक चेतावनी है। यदि सरकार का मानना है कि यह समझौता वास्तव में किसानों के हितों को प्राथमिकता देता है तो उसे पारदर्शिता, संसदीय बहस और सार्थक परामर्श के माध्यम से इसे साबित भी करना चाहिए। अन्यथा, सुधारों की कहानी एक बार फिर देश के अन्नदाता की चिंताओं को दूर करने में विफल रहेगी।

# प्लीज ऑफिस को घर न बनाइए

• संजीव शुक्ल



भाई नौकरी के कुछ अघोषित नियम-कानून और परंपराएं होती हैं, उन्हें निभाना ही पड़ता है। उन्हें पारिवारिक रिश्तों से जोड़ना ठीक नहीं! घर और ऑफिस दो अलग-अलग जगहें हैं। दो अलग-अलग कार्यक्षेत्र हैं। उनको आपस में नहीं मिलाया जा सकता।

अब जैसे कि ऑफिस में अधिकारी या बाबू मेज के नीचे से लिफाफा लेता है, तो इसके मतलब यह थोड़े है कि वह अपने घर में भी माता-पिता या बेटे-बेटियों से सारा लेन-देन मेज के नीचे से ही करता होगा। अब घर को ऑफिस तो नहीं बनाया जा सकता न! इसलिए भगवान के लिए इस पेशेवर हुनर का सामान्यीकरण कर उसकी इज्जत को सरेआम न उछालिए। सरकारी नौकर की खूबी यह है कि वह इन्हीं व्यस्तताओं के बीच, किसी न किसी तरह सेवा का मौका निकाल ही लेता है। सो ऑफिस वालों को इतने घटियापन की निगाहों से देखना ठीक नहीं। यह बात तहजीब के खिलाफ जाती है।और हां, एक अनुरोध और कि इस तरह के ऑफिशियल लेन-देन को, सिर्फ.ऊपर तक पहुंचाने की विवशता के रूप में ही न देखा जाए। भई, यह किसी की जिद भी तो हो सकती है।

खैर! एक परिचित बड़े बाबू राजबिहारी का तो खुला कहना है कि ‘हम लेते हैं तो सिर्फ. आपके लिए, आपकी सुविधा के लिए। अन्यथा हमें क्या पड़ी कि पड़ी लकड़ी लेकर आपको ऑफिसों के चक्कर लगवाने से बचाते फिरें। अब बताइए यह सेवा के प्रति उनका अनन्य अनुराग नहीं तो और क्या है? लेकिन जो सोचो कि इसके लिए कोई उनकी तारीफ करेगा, सवाल ही नहीं। यह मतलबी दुनिया तुच्छ दक्षिणा के नाम पर उन्हें सिर्फ.लानतें ही भेजेगी। यहां निस्वार्थ सेवा आसान नहीं हैं। यही सब देखकर गोसाई जी ने भी कहा है .... सेवा धर्म कठिन जग जाना।

नौकरी पेशा वालों की अपनी मयार्दाएं हैं। काम करने के उनके अपने तरीके हैं। उन्हें हिकारत से देखना बंद करना चाहिए। भई वो भी इंसान ही हैं, कोई रोबोट नहीं। उनके पास भी एक अदद दिल है। और जब दिल है तो वह किसी की सेवा के लिए मचल भी सकता है। पर यहां तो सरकारी (प्राइवेट फि र माफ है) नौकरी में रहकर सेवा करने को, सेवा माना ही नहीं जाता। अरे भाई क्या तभी सेवा को सेवा मानोगे, जब तलक आदमी अपने घर की कुर्की कराकर फटी नेकर और बनियान में सड़क पर न आ जाए।



दरअसल इस प्रवृत्ति के पीछे हमारी वही पुरानी मानसिकता है, जिसमें सरकारी अधिकारी/कर्मचारी के ऑफिस के कामों पर निगाह रखते हुए, उससे वैसा ही घर पर करने की उम्मीद रखी जाती है और जब वह ऐसा नहीं कर पाता है, तो उसे पैदायशी चोर मान लिया जाता है।

अब देखिए न! हाल की ही बात है। एक बड़े अधिकारी ने सेवा की अति करते हुए एक मान्यता प्राप्त, बहु पूजित अति सम्पन्न मठाधीश के चरणों में बैठकर उसके लिए दो फुल्के क्या सेंक दिए, पूरी कायनात उसके खिलाफ हो गई। कुछ तो यह भी पूछने लगे कि क्या ये महाशय इतने नौकरों के बीच अपने घर में रोटियां सेकते होंगे? उसने दो फुल्के क्या बना दिए, आप उससे घर की रोटियां सिकवाने की जिद करने लगे?

अब बताइए ऐसे माहौल में कोई कैसे सेवा के लिए आगे बढ़े। वो तो कहिए कि धरती अभी भी सेवादारों से पूरी तरह बंजर नहीं हुई है। हालांकि लच्छन तो बंजर होने के ही हैं।

अभी गत वर्ष कांवड़ यात्रा को विशेष सुविधाजनक बनाने के सरकारी फरमान को गंभीरता से ले, एक पुलिस अधिकारी ने अपनी लोक सेवाओं को क्षैतिज विस्तार देने का निश्चय किया। इसी क्रम में वे अतिशय भावविह्वल होकर हाथ आए यात्रियों के चरण दबाने लगे। इस पैकेज का फायदा उठाकर तमाम यात्री पुलिस वालों को देखते ही पसर जाते और अपनी टांगे उनके आगे कर देते। हालांकि कुछ लोग तो यह भी बताते पाए गए कि इस सेवा से कुछ हताहत भी हुए। कुछ के इतने जोर से दबाए गए कि वे कांवड़ यात्रा को बीच में ही छोड़ हड्डियों के अस्पताल पहुंच गए। निश्चित ही ऐसा अतिशय भावुकता में शक्ति के मिश्रण से हुआ होगा। और अगर ऐसा नहीं हुआ, तो जरूर यह सेवा को कलंकित करने वालों की तरफ से उड़ाई गई अफवाह होगी। जो भी हो पर यह चिंता की बात नहीं थी। चिंता की बात यह थी कि कुछ रिटायर्ड अधिकारी सेवा के इस विशेष पैकेज के उपलब्ध कराने जाने को सीधे दिल पर ले लिए। वे सेवा के इस क्षैतिज विस्तार पर छींटाकशी करने लगे। कहने लगे कि यह तो राजकीय सेवा का अंग नहीं है। क्या वे अमुक अधिकारी अपने मां बाप के भी ऐसे ही पैर दबाते होंगे? फि र वही ऑफिस और घर का राग! ये क्या बात हुई कि यदि कोई सर्विसधारी कांवरियों के पैर दबाए, तो आप उस बेचारे से अपने घर में भी इसी तरह अपने मां-बाप के पैर दबाने की इच्छा पाल लें। यह तो हद है! क्या अब सेवा-सेवा में भेद किया जाएगा? क्या स्वतंत्र देश में लोकसेवक को इतनी भी आजादी नहीं कि वह अपने मन से सेवा कर सके? क्या अब घर के माई-बाप को भी सरकारी माई-बाप के बराबर रखा जाएगा? यह सरासर नाइंसाफी है। दरअसल सात्विक सोच न रखने से ही ऐसे कुत्सित विचार आते हैं। अभी हम लोग इतने भी गिरे हुए नहीं हैं कि हर बात की समीक्षा कर कर्तव्य पालन में प्रवृत्त हों।

# घूसखोर नहीं, पंडित सोई जो गाल बजावा...

• राकेश अचल



हमारे यहाँ लोग फुल्ली फुरसत में हैं. बस विवाद के लिए एक फुंतडू चाहिए. नया विवाद खडा होते ही पुराना विवाद, पुराने मुद्दे स्वतः मर जाते हैं. जैसे आजकल ‘पंडित घूसखोर’ विवाद में है. ये घूसखोर घूस खाए हो या न खाए हो लेकिन संसद में पीएम की गैरहाजरी, अमेरिका से ट्रेड डील और एपस्टीन फाइल भी खा गया. सरकार राहत महसूस कर रही है और घूसखोर पंडत के प्रति मन ही मन गदगदायमान है.

दरअसल'घूसखोर पंडत' धारावाहिक या टीवी शो का नहीं बल्कि एक आगामी फिल्म/वेब-सीरीज को लेकर चल रहा बड़ा मामला है जिसे लेकर खबरों में बहुत तूल पकड़ा है.घूसखोर पंडत के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बेचारे मनोज बाजपेयी और नीरज पांडे के पुतले जलाने और मुंह पर कालिख पोतने की धमकी भी दे दी.

'घूसखोर पंडत' के प्रोड्यूसर नीरज पांडे को फिल्म कर्मियों की संस्था एफ डब्ल्यूआई सी ई ने भी बायकॉट की चेतावनी दे डाली और कहा कि फिल्म का टाइटल बदलो.यह विवाद ‘घूसखोर पंडत’ नाम की आगामी फिल्म/वेब सीरीज को लेकर है, जिसमें अभिनेता मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में हैं और नीरज पांडे इसके निमार्ता/निर्देशक हैं – इसे नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाना है. देश के पंडितो और शिखाधारी बाम्हनों को फिल्म/सीरीज का ‘घूसखोर पंडत’ नाम काफी आपत्तिजनक लगा, क्योंकि यह ‘पंडित/पंडत’ शब्द के साथ भ्रष्टाचार वाला अर्थ जोड़ता है – कुछ समूहों का दावा है कि इससे एक विशिष्ट समुदाय या उसकी छवि को ठेस पहुँचती है। ब्राह्मण समाज और कुछ सवर्ण संगठन इस नाम और विषय को लेकर विरोध कर रहे हैं, प्रदर्शन कर रहे हैं. कोई थाने में रपट लिखा रहा है तो कोई अदालत में याचिकाएँ) भी दर्ज करा रहा है. सब फुर्सत में जो हैं. विवाद बढ़ने के बाद नेटफ्लिक्स और प्रमोशनल सामग्री को हटा दिया गया है, लेकिन सोशल मीडिया पर बहस जारी है। इस बवाल के बाद मनोज बाजपेयी और टीम का कहना है कि यह एक काल्पनिक कहानी पात्र है, और इसका इरादा किसी समुदाय को टार्गेट करना नहीं था; वे चाहते हैं लोग पूरा काम देखकर ही राय बनाएं। मैं खुद बाम्हन हूँ, लोग मुझे पंडित भी कहते हैं किंतु मुझे घूसखोर पंडत शीर्षक से कोई शिकायत नहीं है. हमारे पुरखे हैं गोस्वामी तुलसीदास. स्वयं पंडित थे लेकिन उन्होने पंडितो के बारे में अनुभव के बाद लिखा- मारग सोइ जा कहुँ जोइ भावा। पंडित सोइ जो गाल बजावा॥ मिथ्यारंभ दंभ रत जोई। ता कहुँ संत कहइ सब कोई. भारत में पंडित हो या न हो घूसखोर तो सभी होते हैं (अपवादों को छोडकर).ताजा विवाद असल में आस्था बनाम आचरण का है। पंडित जी मंत्र पढ़ते हैं, भगवान बीच में होते हैं, और दक्षिणा की रेट-लिस्ट जेब में। यहीं से कहानी बिगड़ती है।पंडित के पास आजकल पूजा, हवन, श्राद्ध, कथा सबका फिक्स पैकेज होता है.‘जितनी बड़ी श्रद्धा, उतनी मोटी दक्षिणा’ वाला भावनात्मक ब्लैकमेल.सवाल पूछो तो जवाबः‘शास्त्र में लिखा है.’बिना दक्षिणा फल नहीं मिलता पूजा से पहले भुगतान, बाद में प्रसाद.‘भगवान तक सीधी लाइन, बीच में पंडित का काउंटर’लोग कहते हैं ये पूजा है या पेटीएम ट्रांजैक्शन?असली मुद्दा पंडित नहीं, प्रवृत्ति है.सभी पंडित घूसखोर नहीं–लेकिन जो हैं, उन्होंने पूरे पेशे की साख गिरा दी।लेकिन सच सबको कडवा लगता है. आजकल जबसे सनातन और हिंदुत्व का हल्ला बढा है तब से सच सुनने की आदत ही समाप्त हो गई. कभी पंडत आहत तो कभी पद्मावत को लेकिन राजपूत आहत. कभी दलित आहत तो कभी सिख आहत. यानि सच को छोड सब स्वीकार है.हमारी फिल्में मनोरंजन के साथ सच भी परोसती हैं और झूठ भी, किंतु उद्देश्य किसी को आहत करना कभी नहीं रहा. ये सब 2014 में आजाद हुए लोगों की समस्या है. इससे पहले हर संबोधन जाति, धर्म, कर्म से जुडा था, सहज था अपमानित नही करता था. लेकिन अब पंडित को घूसखोर नहीं कह सकते ठाकुर को ठाकुर और मोदी को मोदी नहीं कह सकते. सच कहना अपराध जो है. अरे भाई घूसखोर पंडत को पहले देख तो लेते! पहले से ही लाठियां किसके कहने पर भांज रहे हो? मै घूसखोर पंडित के साथ खडा क्या हो गया लोग मुझे ही गरियाने लगे. भाई समाज में घूसखोर, हरामखोर ही नही आदमखोर भी मौजूद हैं. उन्हे पहचानिये. वे हर तरफ हैं. ऊपर भी नीचे भी. दायें भी, बायें भी. इनसे बचना मुश्किल है. हमारे घूसखोर अडानी तो अमेरिका तक में घूस दे आए. अब उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है.



पंडित सोई जो गाल बजावा

# सिने जगत

## किसी भी फिल्म से इंस्पायर्ड नहीं गोलमाल 5, रोहित शेट्टी ने जारी किया ऑफिशियल स्टेटमेंट



फिल्म गोलमाल 5 लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म की कहानी को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की रिपोर्ट्स सामने आ रही थीं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म दो और दो पांच से प्रेरित है। इसी बीच अब निर्देशक रोहित शेट्टी ने इन अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ किया है कि गोलमाल 5 किसी भी क्लासिक बॉलीवुड फिल्म से प्रेरित नहीं है और इस तरह की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

रोहित शेट्टी ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा, हम ऑनलाइन और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चल रही कुछ खबरों को लेकर स्पष्टता देना चाहते हैं, जिनमें यह कहा जा रहा है कि गोलमाल 5 फिल्म दो और दो पांच से प्रेरित है या उसी पर आधारित है।

हम साफ-साफ कहना चाहते हैं कि ये सभी रिपोर्ट्स गलत, भ्रामक और पूरी तरह असत्य हैं। हम सभी मीडिया हाउसेज, प्रकाशनों, पोर्टल्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से सख्त अनुरोध करते हैं कि वे बिना पुष्टि की गई जानकारी को प्रकाशित या प्रसारित न करें। बयान में आगे कहा गया, रोहित शेट्टी या गोलमाल 5 से जुड़ी कोई भी खबर, अपडेट या स्पष्टीकरण प्रकाशित करने से पहले उसे हमसे या हमारे आधिकारिक पीआर प्रतिनिधि ‘यूनिवर्सल कम्युनिकेशंस से जरूर सत्यापित किया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हम सभी से उम्मीद करते हैं कि वे पत्रकारिता की सच्चाई और जिम्मेदारी बनाए रखें। साथ ही, जो भी गलत खबरें फिलहाल चल रही हैं, उन्हें जल्द से जल्द सुधारा जाए या हटाया जाए।

फिल्म की शूटिंग फरवरी के अंत में मुंबई के फिल्म सिटी में शुरू होने की उम्मीद है और फिल्म को 2027 की शुरूआत में सिनेमाघरों में रिलीज करने का लक्ष्य रखा गया है।यह पांचवीं किस्त गोलमाल फ्रैंचाइजी के 20 साल पूरे होने का जश्न भी है, क्योंकि पहली फिल्म 2006 में रिलीज हुई थी और उसके बाद सीरीज ने देशभर में बड़ी सफलता हासिल की है।

## अरिजीत सिंह ने कोलकाता में किया लाइव कॉन्सर्ट

प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद सिंगर अरिजीत सिंह ने रविवार को कोलकाता में लाइव परफॉर्मेंस दी। उन्होंने नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुए लाइव कॉन्सर्ट में सितार वादक अनुष्का शंकर के साथ परफॉर्म किया। कॉन्सर्ट में परकशनिस्ट बिक्रम घोष भी मंच पर मौजूद थे। इसे अरिजीत की प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने के ऐलान के बाद पहली पब्लिक परफॉर्मेंस माना जा रहा है। कॉन्सर्ट के दौरान अरिजीत ने बंगाली क्लासिक ‘माया भोरा राती’ गाया, जिसे मूल रूप से लक्ष्मी शंकर ने आवाज दी थी और पंडित रवि शंकर ने कंपोज किया था। अनुष्का शंकर ने जब उन्हें मंच पर इंट्रोड्यूस किया, तो अरिजीत इमोशनल हो गए और कहा कि वह काफी नर्वस हैं। साथ ही उन्होंने उन्हें बुलाने के लिए धन्यवाद दिया।इसके बाद अरिजीत और अनुष्का ने ट्रेसेस ऑफ यू का डुएट परफॉर्म किया। यह गाना अनुष्का शंकर द्वारा कंपोज किया गया है और इसे मूल रूप से नोरा जोन्स ने गाया था।गौरतलब है कि 27 जनवरी को अरिजीत सिंह ने सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वह अब कोई नया प्लेबैक सिंगिंग असाइनमेंट नहीं लेंगे। सिंगर ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकांउट पर लिखा था,नमस्ते, आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। इतने सालों से श्रोताओं के रूप में मुझे जो इतना प्यार दिया है, उसके लिए आप सबका धन्यवाद। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब से मैं एक प्लेबैक सिंगर के तौर पर कोई भी नया काम नहीं लूंगा। मैं इसे यहीं खत्म कर रहा हूं। यह एक शानदार सफर रहा।25 अप्रैल 1987 को अरिजीत सिंह का जन्म पश्चिम बंगाल के जीयागंज में हुआ था। उनकी मां शास्त्रीय गायिका और मौसी तबला वादक थीं। बचपन से ही उनकी रुचि सिंगिंग में थी।

# ईरान को सबक सिखाने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अपना रहे हैं ट्रंप

• नीरज कुमार दुबे



अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी चरम पर होने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया कार्यकारी आदेश जारी कर उन सभी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की चेतावनी दी है जो ईरान के साथ किसी भी तरह का व्यापार जारी रखेंगे। आदेश में शुल्क की दर तय नहीं की गई है, पर उदाहरण के तौर पर पच्चीस प्रतिशत का जिक्र है। साफ कहा गया है कि जो भी देश सीधे या परोक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवा खरीदेगा, उस पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। ट्रंप ने अलग से बयान देते हुए दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलना चाहिए।

यह कदम ऐसे समय आया है जब ओमान में दोनों देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई है। कई सप्ताह की बयानबाजी और धमकियों के बाद शुरू हुई यह बातचीत तनाव कम करने की कोशिश मानी जा रही है, पर जमीन पर हालात अब भी तने हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान में वार्ता को अच्छी शुरूआत बताया, लेकिन साथ ही कहा कि अविश्वास का माहौल गहरा है, खासकर इसलिए कि हाल ही में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। ट्रंप ने भी वार्ता को बहुत अच्छी बताया, पर साथ में चेतावनी जोड़ी कि यदि समझौता नहीं हुआ तो नतीजे बहुत सख्त होंगे।

अमेरिका का कहना है कि वह केवल परमाणु कार्यक्रम नहीं, बल्कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, सशस्त्र समूहों को समर्थन और अपने नागरिकों के साथ व्यवहार जैसे मुद्दे भी बातचीत में शामिल करना चाहता है। दूसरी ओर तेहरान का रुख साफ है कि चर्चा केवल परमाणु कार्यक्रम पर होगी और उसे यूरेनियम संवर्धन का अधिकार मिलना चाहिए। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वह हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा।

हम आपको बता दें कि इस तनातनी की जड़ें पिछले एक दशक में लिए गए फैसलों में हैं। वर्ष 2015 के परमाणु समझौते के तहत ईरान को सीमित स्तर तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति थी और उस पर सख्त निगरानी थी। बदले में उस पर लगे कई प्रतिबंध हटाए गए थे। लेकिन ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में वर्ष 2018 में इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था और कठोर प्रतिबंध फिर लगा दिए थे। तेल निर्यात, जहाजरानी और बैंक तंत्र पर पाबंदियों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को भारी चोट दी। जवाब में ईरान ने समझौते की कई शर्तों से आगे बढ़ कर संवर्धन करना शुरू कर दिया।

बीते वर्षों में हालात और बिगड़े। वर्ष 2020 में ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी अमेरिकी हमले में मारे गए, जिससे टकराव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। फिर संयुक्त राष्ट्र में प्रतिबंध फिर लगाने की कोशिशें हुईं। वर्ष 2025 में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया, जिसके बाद ईरान ने कतर में एक अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइल दागी, हालांकि जान का नुकसान नहीं हुआ। पिछले वर्ष पश्चिमी देशों के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध फिर लागू हुए।

अब ताजा कदम के तहत अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रो रसायन से जुड़े पंद्रह संस्थानों और कई जहाजों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं। उधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर ईरान को चेताया कि किसी भी हमले का जोरदार जवाब मिलेगा। उनका कहना है कि अमेरिका के साथ तालमेल बहुत गहरा है, इसलिए अंतिम फैसला ट्रंप ही करेंगे। ट्रंप ने भी कहा है कि ईरान बातचीत इसलिए कर रहा है क्योंकि वह अमेरिकी हमले से बचना चाहता है और अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा इलाके में आगे बढ़ रहा है।

सवाल यह है कि क्या यह पूरी कवायद शांति की राह है या दबाव की राजनीति का नया दौर? ट्रंप का शुल्क हथियार दरअसल आर्थिक घेराबंदी का विस्तार है। संदेश साफ है कि जो ईरान से नाता रखेगा, वह अमेरिकी बाजार से हाथ धो सकता है। यह नीति कई देशों को कठिन दुविधा में डालेगी, खासकर वे देश जो ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरानी तेल पर निर्भर हैं। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की सामरिक स्थिरता पर सीधा असर पड़ेगा।

सामरिक दृष्टि से यह रस्साकशी खतरनाक है। एक ओर बातचीत चल रही है, दूसरी ओर युद्ध की तैयारी जैसे संकेत दिए जा रहे हैं। बेड़े की तैनाती, मिसाइल की चर्चा और प्रतिबंधों की बौछार मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं जहां एक छोटी चिंगारी भी बड़े संघर्ष में बदल सकती है। ईरान भी झुकने के मूड़ में नहीं दिखता और वह बार बार अपने अधिकार की बात दोहरा रहा है।

बहरहाल, हकीकत यह है कि न तो केवल दबाव से समाधान निकलेगा, न केवल बयान से। यदि दोनों पक्ष सच में टकराव टालना चाहते हैं तो उन्हें भरोसे की बहाली, चरणबद्ध रियायत और स्पष्ट लक्ष्यों की राह पकड़नी होगी। वरना शुल्क, प्रतिबंध और हमले का यह चक्र पूरे इलाके को अस्थिर कर देगा और इसका असर दुनिया की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर दूर तक जाएगा। अभी भी समय है कि शक्ति प्रदर्शन की जगह समझदारी दिखाई जाए, नहीं तो आने वाले दिन और ज्यादा उथल पुथल लेकर आ सकते हैं।

## रिश्वतखोरी-शर्मसार करते रिचार्ज...!


संजय एम तराणेकर

अंतिम सांस गिन रहीं हैं इंसानियत,
रिश्वतखोरों की पौ बारह वहशियत।
मौत मुनाफे की दुकानों पे नाच रहीं,
दुनिया भयानक उत्सव देखती रहीं।
यह बेंगलुरु की हृदयविदारक घटना,
इससे किसी का ध्यान नहीं हैं हटना।
समाज की आत्मा चस्पा स्याह धब्बा,
बेटी के शव पे हुए हैं सौदे हाय रब्बा।
एम्बुलेंस ड्राइवर ने मांगे पांच हजार,
पोस्टमार्टम के नाम लिए दस हजार।
रिपोर्ट के लिए पुलिस ने पांच हजार,
क्लर्क ने 'मृत्यु प्रमाण-पत्र' दो हजार।
निर्लज्ज सौदेबाजी की फुसफुसाहटें,
वहाँ गड्डियों में नापी जा रही आहटे।
क्या? लाश पर भी हैं डिलीवरी चार्ज,
इंसानियत को शर्मसार करते रिचार्ज।
(संदर्भ-पिता की गोद में 34 वर्षीय बेटी की लाश-संवेदनहीन सिस्टम।)

(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश) मो. 9826025986

## संक्षिप्त समाचार

### यातायात प्रभारी निरीक्षक ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। पुलिस अधीक्षक चंदौली आदित्य लांग्हे के निदेर्शानुसार नगर में लगातार चलाया जा रहा है वाहन चेकिंग अभियान ।इसी क्रम में दिन सोमवार को मुगलसराय में यातायात प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव व उनकी टीम द्वारा चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान इस दौरान जो वाहन स्वामी यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जा रहे थे उनको हिदायत देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं दूसरी तरफ नगर की सड़कों पर सजी अवैध ढंग से दुकानों को भी हिदायत देकर पीछे हटवाया गया जिससे कि जाम की स्थिति ना उत्पन्न हो सके वही नगरवासी सहित अन्य लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होने से बच सके ।इस बाबत यातायात प्रभारी निरीक्षक द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान यातायात पुलिस द्वारा लगातार आगे भी जारी रहेगा।

### पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद) ।पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे द्वारा वारण्टी व वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु



दिये गये निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.)व क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अरूण कुमार सिंह के गहन पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना बबुरी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त कल्पू बियार पुत्र सरजू व मुन्ना बियार उर्फ कृष्णानन्द पुत्र कल्पू बियार नि0गण ग्राम बिन्दपुरवा गौरी थाना बबुरी जनपद चन्दौली जिसके विरूद्ध केस नम्बर 611/19 धारा 406/506 भा0द0वि0 थाना बबुरी जनपद चन्दौली का एन बी डब्लू जारी किया गया था जिसे दिनांक 08.02.2025 को उनके घर बिन्दपुरवा गौरी थाना बबुरी जनपद चन्दौली से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। बी पी हायर सेकेंडरी स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवम आर्म रेसलिंग चैंपियन शिप का सफल आयोजन प्रधान प्रत्याशी मुहम्मद पुर रामजन्म पटेल द्वारा किया गया कार्यक्रम का उदघाटन डॉ ओ पी सिंह( सह संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ)ने किया।प्रतियोगिता में क्लास 6 से लेकर 10 तक के बच्चो ने भाग लिया जिसमे 800 से अधिक बच्चे परीक्षा दिए,आर्म रेसलिंग में 65 लोगो ने भाग लिया विजयी बच्चो को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विष्णु पटेल,रितिक पटेल,अनिल पटेल,अंकित भोकाली, राहुल,आकाश, विश्वनाथ,अंकित, गुड्डू,किसन पटेल अमन पटेल अन्य मौजूद रहे।


### महिला से मारपीट व संपत्ति विवाद का मामला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

गोपीगंज , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वीहरोजपुर निवासी पुनम देवी पत्नी महेश तिवारी ने अपने परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार विपक्षियों ने मिलकर उनकी गाय को डंडे-लाठियों से मारकर भगाया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट, घसीटने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व विवस्त्र करने का प्रयास किया ।पीड़िता ने पारिवारिक संपत्ति, सरकारी मुआवजा व जमीन को धोखे से हड़पने तथा लंबे समय से रह रहे नौकर गणेश प्रसाद के कारण पारिवारिक कलह का भी आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### साइकिल यात्रा निकाल दिया स्वस्थ भारत व स्वच्छ जीवन का संदेश

गोपीगंज , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब की ओर से रविवार को निकाली गई साइकिल यात्रा ने जन जागरूकता की मिसाल कायम की ।क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी जिनकी सोच और संकल्प युवाओं से लेकर समाजसेवियों को एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दे रही हैं। गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से शुरू हुई साइकिल यात्रा को क्लब के अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि हफ्ते में छह दिन परिवार के लिए और एक दिन देश और समाज के लिए निकालकर जागरूकता अभियान में भाग ले और प्रतिदिन आधे घंटे का योग व्यायाम करें। जिस दिन सभी लोग ये नियम अपना लेंगे तो सभी स्वस्थ रहेंगे और हमारा देश भी मजबूत होगा। क्लब के सचिव प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा मिशन भदोही के हर गांव, घर-घर जाकर लोगों को पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है ।साइकिल यात्रा शहीद तिराहा, से मेवड़ापुर के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा,भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक किया,सायरा गर्ल्स इंटर कालेज फूलबाग के सामने इसका समापन किया। साइकिल यात्रा में बनारसी बिंद,प्रमोद मौर्या, उज्जवल गुप्ता,सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं आपरेशन शिविर का आयोजन



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। दिन सोमवार को नगर में स्थित राम कृष्ण महिला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मुगलसराय में श्री सेवा सामाजिक संस्था और रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल द्वारा फीता काट कर किया गया ।शिविर में कुल 94 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिनमें से कुल 12 मरीजों को आपरेशन के लिए शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी के लिए रवाना किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सेवा सामाजिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सतीश कुमार जिंदल,डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो०डॉ० आशुतोष अग्रवाल,रो० राजेश भाटिया,पीडीजी रो० उत्तम अग्रवाल,रो० दीपक अग्रवाल,रो० प्रशान्त सागर,रो० राजेश निगम, विद्यालय की प्रधानाचार्या माधुरी देवी,ओमप्रकाश जिंदल,आलोक सिंह, आशा राम यादव, नरेंद्र अरोरा,मुकेश महलका,संजय राय,सुधीर पाण्डे, शरद चंद्र मिश्रा, विजय प्रताप सिंह आदि गणमान्य लोग एवं विद्यालय की अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# राज्य मंत्री ने 20 लाभार्थियों को उनके नए आवासों की सौपीं चाबियां

पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। चकिया विकास खंड स्थित ग्राम पंचायत दिरेहु में मुख्यमंत्री जीरो पावर्टी कॉलोनी का उद्घाटन किया गया ।यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2025-2026 के तहत आयोजित किया गया, जिसमें राज्य मंत्री संजीव गोंड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि राज्य मंत्री संजीव गोंड, विशिष्ट अतिथि चकिया विधायक, चकिया व नौगढ़ के प्रमुख तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया, अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से किया गया,राज्य मंत्री अनुसूचित जाति एव जनजाति कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश एव प्रभारी मंत्री चंदौली संजीव गोंड ने जीरो पावर्टी कॉलोनी का अवलोकन किया और इसकी सराहना की,उन्होंने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक कॉलोनी का उद्घाटन और गृह प्रवेश की रस्म पूरी हुई ।इस अवसर पर मंत्री संजीव गोंड ने कहा कि इस कॉलोनी का निर्माण सरकार की मंशा के अनुरूप किया गया है ।इसका उद्देश्य उन परिवारों को एक छत प्रदान करना है जिनके पास अपना घर नहीं है। मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ



अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर इन परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की पहल की जा रही है ।कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री ने 20 लाभार्थियों को उनके नए आवासों की चाबियां सौंपीं ।इसके अतिरिक्त,उज्वला योजना के तहत उन्हें गैस सिलेंडर भी वितरित किए गए।

इस दौरान मंत्री संजीव गोंड ने बताया कि ऐसे ही सभी विकास खण्डों में ऐसे जीवन यापन करने वाले( जिनके पास खुद की जमीन,रहने के लिए घर,शुद्ध पीने का पानी,शौचायल सहित अन्य सुविधाओं से वंचित है उनको चिन्हित कर उनको जीरो पावर्टी के तहत सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी,उनके बच्चों के भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा की भी व्यवस्था की गई है ।कार्यक्रम के दौरान विधायक चकिया ने बताया कि ये बहुत अच्छी पहल की गई है इस पहल से विकसित भारत 2047 का सपना साकार होते दिख रहा है ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल्द ही ऐसे ही कालोनियों का निर्माण सभी ब्लाकों में कर बेसहारों को घर बिजली,शौचालय से लाभान्वित किया जाएगा ।जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि पहल में विधायक का बहुत सहयोग रहा जिसके कारण हम लोग इस कार्य को बहुत कम समय में धरातल पर उतार सके ।उन्होंने बताया कि हम सबका प्रयास निरंतर जारी रहेगा पूरी शिद्दत से कार्य को आगे करते हुवे हर वंचितों को सारी सुविधाएं देते हुवे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया जाएगा सभी को पेंशन,आयुष्मान गोल्डन कार्ड,श्रम कार्ड के साथ महिलाओं को समूह से जोड़कर उनका इनकम बढ़ाना,आत्म निर्भर बनाने के लिए राज मिस्त्री कि ट्रेनिंग,बच्चों को मुफ्त कोचिंग कि व्यवस्था की गई है ।मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साईं ने बताया कि इस कालोनी में रहने वाले बीस परिवार को लगभग दो करोड़ की जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित किया गया है।

## नगरवासियों को हो रही समस्याओ के निस्तारण हेतु सपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।नगर पालिका क्षेत्र निवासियों को हो रही विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु अपनी मांगों को रखते हुए दिन सोमवार को भारी संख्या में सपा कार्यकताओं ने नगरपालिका कार्यालय के सामने दिया धरना ।उनकी मांग है कि नगर की सभी क्षतिग्रस्त सड़के वह नालियों को शीघ्र ही बनाया जाए,लाल बहादुर शास्त्री सामुदायिक भवन अलीनगर के कैंपस में अमृत योजना के तहत बनी पानी टंकी को लगभग 5 वर्ष हो चुके हैं लेकिन अभी तक उक्त टंकी से पालिका द्वारा वार्ड वासियों को पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है गर्मी आने से पूर्व उक्त टंकी से वार्ड वासियों के लिए पानी सप्लाई चालू की जाए,नगर में सफाई की स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है अनेक वार्डों में नालिया बजबजा रही हैं जो बड़ी बीमारियों को दावत भी दे रही है,जगह-जगह कूड़ो का अम्बार लगा हुआ है जिसे सफाई अभियान चलाकर हटाया जाए,नगर की अधिकतर स्ट्रीट लाइटे बंद है जिसके चलते स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उक्त बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराया जाए, नगर में क्षतिग्रस्त सड़क व नालियों की मरम्मत कराई जाए सहित अन्य मांगों को लेकर सपा कार्यकताओं ने दिया धरना ।वही सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन मौके पर रहा मुस्तैद।धरना देने वालों में कैलाश सिंह यादव,चंद्रशेखर यादव, मुसाफिर सिंह चौहान, बाबूलाल यादव, विनय यादव, रमेश यादव,राजाराम सोनकर,नफीस अहमद गुड्डू सहित अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।समाचार लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन जारी रहा।

### चुनार पुलिस ने हत्या के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

मीरजापुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। थाना चुनार जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 18.01.2026 को वादी इन्दल मौर्या पुत्र स्व0 अर्जुन मौर्या निवासी चेरा का पुरा थाना चुनार जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी के परिवारीजनों के साथ गाली-गलौज, धमकी देते हुए लाठी-डण्डा से मारपीट के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0सं0-23/2026 धारा 110,115(2),352,351(3),3(5) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के लिए थाना प्रभारी चुनार को निर्देश दिये गये ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त डाक्टर उर्फ तेजबली पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासी जमुई थाना चुनार जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/ जेल भेजा गया ।

## मतदाता सूची में पात्र युवाओं व महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

भदोही , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत पात्र मतदाताओं में 18 से 20 आयु वर्ग के युवा तथा महिलाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित जनपद? के सभी उप जिला अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों जैसे विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला कल्याण, माध्यमिक व उच्चशिक्षा विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक की गई। सम्बन्धित अधिकारियों को पात्र युवा, किशोरियों व नवविवाहिता महिला मतदाताओं के नाम सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गए।

बड़ी संख्या में 18 से 20 वर्ष की आयु वर्ग के युवा मतदाता अभी भी मतदाता सूची में शामिल नहीं है। ऐसे सभी पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जाने हेतु अभियान के तौर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपदों में समस्त शैक्षणिक संस्थानों यथा काशी नरेश विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज तथा अन्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक किया जाये। उन्हें अपने मतदान के अधिकारों से अवगत कराया जाय जिससे की सभी युवा अपनी मनपसंद की सरकार चुनने के लिए और लोकतंत्र में हिस्सेदार बनने के लिए मतदाता सूची में बढ़-चढ़कर अपना नाम सम्मिलित कर सकें। साथ ही सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष अभियान चलाकर पात्र छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन पोर्टल ५ङ्ग३-ी१२ॅ.ङ्ग५.ल्ल तथा एउक्ठएळ मोबाइल ऐप अथवा बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन घोषणा पत्र सहित फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में शामिल कराये जाने के निर्देश दिये गए।

जिन छात्र-छात्राओं की आयु दिनांक 01.01.2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उनका शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाय। जिन छात्र-छात्राओं की आयु दिनांक 01.10.2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो उनका भी फार्म-6 एडवांस फार्म के रूप में भरवाया जा सकता है। फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र भरने हेतु वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की वेबसाईटों पर उपलब्ध है जहाँ से उसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। इस मतदाता सूची की प्रतिलिपि सभी बूथ लेविल अधिकारियों के पास भी उपलब्ध है। अधिकारियों को इन तथ्यों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराए जाने के निर्देश दिये। 27 अक्टूबर 2025 तक की मतदाता सूची में प्रदेश स्तर पर महिलाओं का अनुपात प्रति हजार पुरूषों की तुलना में 877 था जो कि 6 जनवरी 2026 को जारी आलेख्य मतदाता सूची में घटकर 824 रह गया है। इससे स्पष्ट होता है की बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं के नाम गणना प्रपत्र ना भरे जाने के कारण छूट गए हैं। कई महिलाएं विवाह के पश्चात अपने मायके के स्थान पर पंजीकृत होने के कारण ससुराल में गणना प्रपत्र नहीं भर सकी।इनको लक्षित करते हुए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों यथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कार्यरत महिला समूह की दीदी, चिकित्सा विभाग के अंतर्गत कार्य कर रही आशा तथा एएनएम बहनें, बाल विकास पुष्टाहार विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा सुपरवाइजर, के सहयोग से नव विवाहित महिलाओं और किशोरियों के नाम आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है।

## निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता एवं प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



भदोही , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निमार्णाधीन सड़कों की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सड़क निर्माण परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 108.97 किलोमीटर लंबाई की 52 सड़कों, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा 21 सड़क निर्माण कार्य, मंडी परिषद द्वारा 1.80 किलोमीटर लंबाई की 02 सड़कें, सिंचाई नहर प्रखण्ड द्वारा 7.45 किलोमीटर लंबाई की 05 सड़कें तथा जिला पंचायत द्वारा 17.948 किलोमीटर लंबाई की 42 सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने उपर्युक्त पांचों विभागों द्वारा निमार्णाधीन सड़कों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा के संदर्भ में संबंधित समस्त अधिशासी अभियंताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं जैसे विद्युत पोल, पेड़ों अथवा अन्य अवरोधों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय एवं सहयोग स्थापित करते हुए कार्य संपादित करने के निर्देश दिए, जिससे परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने संबंधित समस्त अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्यों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें, ताकि सभी परियोजनाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके और कार्य ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो सकें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनसुविधा से जुड़ी इन परियोजनाओं का समय पर पूर्ण होना प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में संदीप सरोज अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, प्रज्ञा परमिता अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अनिल त्यागी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत्त सहित सभी विभागों के सहायक अभियंता, अवर अभियंता आदि उपस्थित रहे।

### निदेशक जनगणना कल आयुक्त कार्यालय सभागार में करेंगे अधिकारियों के साथ बैठक

मीरजापुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। शासन के निर्देश के क्रम में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में दिनांक 10 फरवरी 2026 को आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुये संयुक्त विकास आयुक्त श्री रमेश चन्द्र ने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2026 को 12 बजे से 01:00 बजे तक जनगणना पदाधिकारियों के साथ निदेशक जनगणना की अध्यक्षता में समीक्षा, 01 बजे से 02 बजे तक कानून व्यवस्था, 02:45 से 03:45 बजे तक विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा, 03:45 से 04:30 बजे तक छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरोद्धार हेतु मण्डलीय समन्वय समिति की बैठक एवं 04:30 बजे से 05:30 बजे तक राजस्व/चकबन्दी/कर-करेत्तर से सम्बन्धित कार्यक्रमो की समीक्षा मण्डलायुक्त द्वारा की जायेगी।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में होटल,रेस्टोरेंट व कैफे में चलाया गया चंकिंग अभियान



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देशन में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जांच अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.)के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना मुगलसराय व एएचटी प्रभारी निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम के साथ दिनांक 07.02.2026 को थाना मुगलसराय क्षेत्र अन्तर्गत रेलवे स्टेशन, होटल,रेस्टोरेंट,कैफे धर्मशाला,गेस्ट हाउस इत्यादि में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान ।क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर के द्वारा होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देश दिए कि उनके पास आने वाले लोगों को बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को कमरा नहीं दिया जाए तथा जो व्यक्ति ठहरता है उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें ।यदि कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति आकर रुकें तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी अपराधिक वारदात न हो ।चेकिंग अभियान के दौरान होटल संचालकों से यह भी कहा गया कि होटल में काम करने वाले कर्मचारियों की भी वेरिफिकेशन करवाएं तथा रुकने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर में पूर्ण रिकार्ड रखें ।इसके अलावा आमजन से आग्रह किया गया है कि अपना मकान किराये पर देते समय पूर्ण सावधानी बरतें तथा किराएदार की भी पुलिस वेरिफिकेशन करायें ।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान एवं राष्ट्रीय कृमि दिवस को सफल बनाने की अपील




भदोही , 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों से अपील करते हुए बताया कि जनपद भदोही में 10 फरवरी 2026 से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान एवं नेशनल डिवर्मिंग डे/राष्ट्रीय कृमि दिवस अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह अभियान शासन की महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य जनपद को फाइलेरिया एवं आंतों के कीड़े जैसी गंभीर बीमारियों से मुक्त करना है ।जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया अभियान के अंतर्गत जनपद के 02 विकासखंड–सुरियावां एवं आभोली में दिनांक 10 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 01 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया से बचाव हेतु तीन दवाएं आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर खिलाई जाएंगी। इस अभियान के माध्यम से जनपद की कुल 3,37,958 आबादी को आच्छादित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बताया कि नेशनल डिवर्मिंग डे/राष्ट्रीय कृमि दिवस के अंतर्गत जनपद के 04 विकासखंडों में 10 फरवरी 2026 से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के 2743 प्राथमिक विद्यालयों, कॉलेजों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर 01 वर्ष से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। यह दवा मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) अथवा भोजन करने के उपरांत भरे पेट दी जाएगी, जिससे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आम जनमानस, अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील की कि वे इस अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा बच्चों को निर्धारित दवा अवश्य खिलवाएं, जिससे आंतों के कीड़े से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज की नींव होते हैं, अतः इस जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### ब्रेक मारते ही फिसली बाइक, युवक पर चढ़ा डंपर

मीरजापुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। मिजार्पुर के अदलहाट थाना क्षेत्र में वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर गरौड़ी गांव के पास सोमवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक ने सड़क किनारे खड़े एक हाइवा को देखकर ब्रेक लगाया। उसकी तेज रफ्तार बाइक फिसल गई। तभी पीछे से आ रहे डंपर ने उसे रौंद दिया। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक ने सड़क किनारे खड़ी हाइवा को देखकर अचानक ब्रेक लगाया। इससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार हाइवा ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अदलहाट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और आगे की कार्रवाई शुरू की ।पुलिस को घटनास्थल से मृतक के दो मोबाइल फोन और उसके बैग से कुछ कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों के आधार पर युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## चुनार प्रीमियर लीग में लखनऊ, गाजीपुर ने जीते मुकाबले

मीरजापुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। मिजार्पुर के चुनार स्थित मेडिया मिनी स्टेडियम ग्राउंड पर राज्य स्तरीय चुनार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 9 फरवरी 2026 को हुआ। पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिसमें लखनऊ और गाजीपुर की टीमों ने जीत दर्ज की ।प्रतियोगिता का पहला मैच लखीमपुर और आर्यावर्त क्रिकेट अकादमी लखनऊ के बीच खेला गया। टॉस जीतकर लखीमपुर ने पहले फील्डिंग का फैसला किया। लखीमपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 117 रन बनाए, जिसमें मनोज पटेल ने 3 विकेट लिए।

जवाब में, आर्यावर्त क्रिकेट अकादमी लखनऊ ने 118 रन का लक्ष्य 3 विकेट से हासिल कर मैच जीत लिया। इस मैच में अनुराग रघुवंशी को विजय कुमार पटेल द्वारा 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार प्रदान



किया गया।

दूसरा मुकाबला गाजीपुर और प्रतापगढ़ की टीमों के बीच हुआ। प्रतापगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 114 रन बनाए। गाजीपुर की ओर से महंतिम यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए।115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गाजीपुर की टीम ने 116 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीता। प्रखर उपाध्याय को 52 रन बनाने के लिए रजत सिंह द्वारा 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया ।इस अवसर पर चुनार विधायक अनुराग सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजन समिति में गौतम सिंह, रजत सिंह, प्रवीन सिंह और किट्टू भैया शामिल हैं।

सहयोगी गणों में नीतेश सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, हेमंत पाण्डेय, अमित चतुवेर्दी, संजय सिंह और देवेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। पवन यादव और अमित बालखंडी ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि प्रितेश शोनकर स्कोरर और गौतम सिंह कॉमेंटेटर रहे।

# नये पात्र मतदाताओं का नाम बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में की गयी बैठक

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक की मतदान में भागीदारी जरूरी अभियान को सफल बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी-डीएम

सोनभद्र, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में ऐसे सभी नए मतदाता, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, उनके नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़े जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि फॉर्म-6 भरवाकर पात्र नागरिकों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस विशेष अभियान को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इसके अंतर्गत एनआरएलएम समूहों से जुड़ी महिलाओं, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग एवं महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर घर-घर संपर्क, शिविरों एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाए। सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप जनपद में मतदाता सूची को अधिक समावेशी और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करें। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी आवश्यक है और इस अभियान को सफल बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरियां, डीसी मनरेगा रविन्द्र वीर, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, जिला अल्प संख्यक कल्याण सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकूल आनन्द पाण्डेय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भक्त की दीन दशा देख रो पड़े भगवान, नंगे पांव दौड़कर लगाया सुदामा को गले

भांवरकोल/ गाजीपुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। क्षेत्र के कनुवान गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सातवां एवं अंतिम दिन भक्ति, करुणा और वैराग्य से ओतप्रोत रहा। वृंदावन से पधारे कथा व्यास प्रेमनिधि दास जी महाराज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं हृदयस्पर्शी वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि सुदामा जी जितेंद्रिय, सरल स्वभाव के और भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे। घोर गरीबी में जीवन यापन करने के बावजूद वे सदैव भगवान के ध्यान में लीन रहते थे। भिक्षा मांगकर परिवार का पालन-पोषण करते हुए भी उनके मन में कभी लोभ या मोह उत्पन्न नहीं हुआ। पत्नी सुशीला के बार-बार आग्रह पर सुदामा अपने मित्र द्वारकाधीश से मिलने द्वारका पहुंचे। जब द्वारपाल ने भगवान कृष्ण को बताया कि ( सुदामा नाम का ब्राह्मण आपसे मिलने आया है ) तो यह सुनते ही भगवान नंगे पांव दौड़ पड़े और अपने मित्र को गले से लगा लिया। सुदामा की दीन दशा देखकर प्रभु की आंखों से करुणा के अश्रु बहने लगे। भगवान ने स्वयं अपने मित्र को सिंहासन पर बैठाया, उनके चरण धोए और सभी पटरानियों ने सुदामा जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।विदा होकर जब सुदामा अपने गांव लौटे तो भगवान कृष्ण की कृपा से वहां भव्य महल बना हुआ था, लेकिन सुदामा जी ने वैभव को ठुकराकर फूस की कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करना ही श्रेष्ठ समझा।

## अनुसूचित जाति के प्रकरणों का त्वरितगत से किया जाये निस्तारण-लवकुशव

सोनभद्र, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के सदस्य लवकुश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुसूचित जाति से सम्बन्धित जनपद मे दर्ज प्रकरणों की स्थिति व उनके निस्तारण की प्रगति तथा पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किए जाने की समीक्षा की गई। उन्होनें आयोग के संन्दर्भित केसों प्रकरणों की गहन समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होनें अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत लाभन्वित किये जाने, मुद्रा योजना, स्टार्ट अप इण्डिया, अनुसूचित जाति के छात्रावास, भूमि पट्टा आवंटन, मनरेगा योजना, उज्जवला योजना, जन धन खाते सहित केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की, कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की पत्रावलियों को बैंकर्स द्वारा अनावस्यक रिजेक्ट न किया जायें। निर्देशित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति से संबंधित सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सरकार की स्पष्ट मंशा है कि समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों को समय पर न्याय मिले और उन्हें केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ प्राप्त हो, किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन को संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करना चाहिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरियां, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, जिला अल्प संख्यक कल्याण सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकूल आनन्द पाण्डेय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मनरेगा बचाओ साइकिल यात्रा का गाजीपुर सिटी स्टेशन पर किया गया जोरदार स्वागत

गाजीपुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।मनरेगा बचाओ साइकिल यात्रा गोरखपुर के चौरी चौरा से चलकर गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन आई जहां गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया । कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा मजदूर कार्यकताओं तथा समाजसेवियों द्वारा मनरेगा बचाव के नारे के साथ इस साइकिल यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। कांग्रेस व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अयूब अंसारी ने साइकिल यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के लिए मनरेगा उनके तथा उनके परिवार के लिए संजीवनी थी जिसको सरकार ने बदलकर नए नाम से बीबी जी राम जी लाकर उन पर आघात कर दिया है जो उनके लिए असहनीय है साइकिल यात्रा के द्वारा हम सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे ताकि सरकार मनरेगा को अपने मूल रूप में ही रहने दे और रोजगार की गारंटी



बनी रहे मोहम्मदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी रहे डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण मजदूरों के लिए अनोखी रोजगार देने वाली योजना थी जिसे बदलकर सरकार ने मजदूरों के साथ धोखा किया बीबी जी राम ला कर रोजगार छिनने की गारंटी हो गई है यह साइकिल यात्रा सरकार के कान खोलकर उसको अपने मूल स्वरूप में ही रहने की मांग करती है।

इस यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से राजेश उपाध्याय अरविंद कुशवाहा राजेश यादव महेंद्र कुशवाहा संतोष यादव मनोज राजभर देवेंद्र सिंह प्रवीण गहलोत जयप्रकाश भारती आदि लोग शामिल रहे।

## खड़ौरा में शीत सहायता शिविर आयोजित, जरूरतमंदों को बांटे कंबल व वस्त्र



सिंगरौली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। देवसर तहसील अंतर्गत ग्राम खड़ौरा में आचार्य रामाधार सेवा संघ द्वारा शीत सहायता शिविर 2026 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संघ के सभागार खड़ौरा में स्वामी निर्विकल्पानंद जी महाराज, अध्यक्ष रामकृष्ण मठ रीवा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान संघ के संरक्षक दुर्गा प्रसाद चतुवेर्दी एवं सीताशरण चतुवेर्दी, संघ के अध्यक्ष तुलसीदास चतुवेर्दी तथा डॉ. एच.पी. सिंह रीवा उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने आशीर्वचन में समाज सेवा को मानव धर्म का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए जरूरतमंदों की सहायता को पुण्य कार्य बताया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र से आए जरूरतमंद एवं लाभार्थी परिवारों को कंबल, शाल एवं साड़ी का वितरण किया गया। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। लाभार्थियों ने इस पहल के लिए संघ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए काफी सहायक साबित होते हैं। शिविर में क्षेत्र के सम्मानित नागरिक, ग्रामवासी, संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## बैगा समाज संघ का संगठन विस्तार, कई पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

सिंगरौली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। बैगा समाज संघ मध्यप्रदेश द्वारा ग्राम पंचायत बिरकुनिया स्थित सामुदायिक भवन में संगठन पुनर्गठन एवं सदस्यता अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष राममिलन बैगा, प्रदेश संगठन प्रभारी अशोक कुमार बैगा एवं प्रदेश सचिव मुन्नीलाल बैगा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरूआत समाज के महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर एवं हल्दी-चावल का टीका लगाकर की गई। इसके बाद आयोजित संगठनात्मक बैठक में समाज की एकता, अधिकार, शिक्षा और विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। सर्वसम्मति से विजय बहादुर बैगा को प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं गौरी शंकर बैगा को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा रामशाह बैगा को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही कृष्णा देवी बैगा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।

ब्लॉक स्तर पर भी नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चितरंगी ब्लॉक में किशुन प्रसाद बैगा को अध्यक्ष, विकास कुमार बैगा को उपाध्यक्ष और राजिंदर लाल बैगा को सचिव नियुक्त किया गया। देवसर ब्लॉक में रूप शाह बैगा को ब्लॉक अध्यक्ष, उर्मिला बैगा को उपाध्यक्ष और किशन कुमार बैगा को सचिव बनाया गया। वहीं बैढ़न ब्लॉक में वंशराज बैगा को अध्यक्ष तथा राज राखन बैगा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।प्रदेश अध्यक्ष राममिलन बैगा ने कहा कि बैगा समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अधिकारों के प्रति जागरूक करना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। वहीं प्रदेश संगठन प्रभारी अशोक कुमार बैगा और प्रदेश सचिव मुन्नीलाल बैगा ने बताया कि आने वाले समय में गांव-गांव तक सदस्यता अभियान चलाकर समाज को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने बैगा समाज को सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया।

## सीसीटीवी कैमरे व ट्रैफिक सिग्नल सुधार की मांग को लेकर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



सिंगरौली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। शहर में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों और बंद ट्रैफिक सिग्नलों की समस्या को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर सुधार की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग सिंगरौली के संगठन मंत्री एवं अधिवक्ता उसैद हसन सिद्दीकी ने कलेक्टर सिंगरौली के प्रतिनिधि माइकल टीर्की को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के कई प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं, जिससे अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

इसके साथ ही शहर के विभिन्न चौराहों और व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक सिग्नल भी बंद या खराब स्थिति में हैं। इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है और भीड़भाड़ वाले इलाकों में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित मौजूदगी नहीं होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन मंत्री उसैद हसन सिद्दीकी ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें चालू कराया जाए तथा बंद ट्रैफिक सिग्नलों को दुरुस्त कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए।

## मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन जिला ईकाई सिंगरौली के तत्वावधान में आयोजित हुई भव्य काव्य गोष्ठी

सिंगरौली, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्वाधान में उत्कर्ष हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गयो जिसमें कवियों ने अपनी एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता रीवा से पधारे वरिष्ठ रचनाकार डॉ कैलाश तिवारी ने कियो कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना उपस्थित कवियों के द्वारा किया गयो मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सचिव संजीव पाठक सौम्य, एवं उपाध्यक्ष डॉ सुरेश कुमार मिश्र₹ गौतम₹ जी ने आमंत्रित कविजनों का पुष्प हार पहना कर स्वागत किया गयो मंच का सफल संचालन करते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ प्रदीप द्विवेदी सत्यव्रत ने मां वीणा पाणिनी की वाणी वंदना हेतु वरिष्ठ गीतकार श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव को आमंत्रित कियो आपने सुमधुर स्वर में मां शारदा मां शारदा, स्वीकार लो यह प्रार्थना सुनाकर मां वाग्देवी का आह्वान कियो नवोदित कवयित्री सुश्री शिवांगी गुप्ता ने कलम की ताकत को प्रतिपादित करते हुए रचना प्रस्तुत की , ताकत इसकी मत पूछो, यह तलवारों से भारी है, जब भी चलती यह कागज पर, हिलती दुनिया सारी है अगले पायदान पर सुश्री उर्मिला तिवारी को बुलाया गया आपने ₹ नयनों ने नयनों से, जब पहला स्वप्न बुना था, मौन की देहरी



पर जैसे प्रेम का दीप जला थो बरगवां सिंगरौली से पधारे वरिष्ठ कवि श्री शंकर प्रसाद शुक्ल ने मानवीय मूल्यों पर अनेक रचनाएं प्रस्तुत की, एक बानगी देखिए. होंगे वे कोई और जिन्हें, चाह सदा कुछ पाने की! तरुवर सा है जीवन मेरा, मेरी आदत रही गंवाने की!! सभागार को काव्यमय वातावरण प्रदान करते हुए श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव ने अपने छंद और गीतों से रस वर्षा करते हुए दशरथ नंदन, कौशिल्या चक्षु अंजन, कि मयार्दा पुरुष श्री राम है, मंद मंद मुस्कान अधर पर लिए हुए, जानकी की छवि को निहारे श्री राम है अवधेश नामदेव ने ₹ये मत पूछो कहां से सच बोलने की आजादी बढ़ी

संस्था के सचिव एवं गजलकार संजीव पाठक सौम्य ने लूटम लूट मची है जुग अइसा है, दादा दादी घर दुआर सब पईसा है लूटम लूट मची है जुग अइसा है, दादा दिदी घर दुआर सब पइसा है बैरीउ अइसन न खुरखुंद मचामा, ई नात ई घर परिवार कइसा है वरिष्ठ रचनाकार डॉ सुरेश मिश्र गौतम ने गीत गजल और मुक्तक सुनाकर खूब वाहवाही लूटी, बानगी देखिए.. यही आशीष मेरी है, यही अरमान है मेरा! बढ़ो कर्तव्य पथ पर तुम, यही अभियान है मेरो मंच का सफल संचालन कर रहे डॉ प्रदीप सत्यव्रत ने गुंजत मधुकर सुमन पर, करत मधुर रसपान! कमसिन कलियां खिल उठी, लिए अधर मुस्काने सुनाकर वातावरण को ऊंचाइयां प्रदान की वरिष्ठ कवि सुरेश गुप्त ग्वालियरी ने, जाने कितने धागे टूटे रिश्तों की तुरपाई में, उलझी गांठे कैसे सुलझे, सोच रहा तन्हाई में!! अब बारी थी रीवा से पधारे डॉक्टर कैलाश तिवारी जी का.. आपने मुक्तक छंद और अपने गीतों से सभागार को काव्य रस से भिगो दिया, तन मन धन से पाला पोसा, जिन्हें पढ़ाया था जी भर के, वे सब आज पराए लगते, दिखते जैसे ठगे पिताजी आभार व्यक्तव स्कूल के डायरेक्टर सूरज तिवारी ने कियो स्वल्पाहार एवं आमंत्रित कवि जनों को शॉल श्री फल भेट कर कार्यक्रम अपने पूर्णता को प्राप्त हुओ

## 654 शिक्षकों ने छः चरणों में सामाजिक विषय पर लिए प्रशिक्षण

सोनभद्र, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में सामाजिक विषय का प्रशिक्षण डायट प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक मुकुल आनंद पाण्डेय के दिशा निर्देशन में सोमवार को सकुशल संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जनपद के सभी विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कुल 654 शिक्षकों ने छरू चरणों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के तहत सामाजिक विषय में बदलाव, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र तथा नागरिक शास्त्र विषयों को विद्यालय स्तर पर सरल, रुचिकर और प्रभावी ढंग से बच्चों तक कैसे पहुंचाया जाए शिक्षकों से चर्चा परिचर्चा की गई। प्रशिक्षण में सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी डॉ0सुनील कुमार मौर्या, नोडल प्रवक्ता हरिवंश सिंह के साथ राजेश मौर्या, डॉ चंद्रशेखर तथा वाहय संदर्भदाता के रूप में राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज के अर्थशास्त्र विषय के प्रवक्ता प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

## ट्रक की टक्कर से तीन की मौत, तिलक समारोह से लौटते समय हुआ हादसा

सोनभद्र, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के हिंदुवारी तिराहा पर रविवार देर रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के हिन्दुआरी गांव निवासी प्रेम सिंह पुत्र केदार सिंह तथा दयाशंकर सिंह एवं कमला सिंह पुत्रगण सोमरू निवासीगण तिलया थाना रॉबर्ट्सगंज रविवार की रात एक ही बाइक पर सवार होकर राबर्ट्सगंज से अपने घर मधुपुर की तरफ जा रहे थे। रात लगभग 11 बजे जैसे ही वे हिन्दुआरी तिराहे पर पहुंचे पीछे से आ रही ट्रक ने उन्हें धक्का मार दिया। पुलिस के अनुसार तीनों बाइक पर सवार होकर तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों एक ही बाइक से अपने घर लौट रहे थे। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक के पहिए के नीचे आने के कारण पूर्व प्रधानचार्य का चेहरे से लेकर कंधे तक का हिस्सा पूरी तरह से गायब हो गया। बाकी दो लोगों के पेट से होकर पहिया गुजर गया। अंतड़ियां बाहर आ गई थीं। तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों ने दौड़कर ट्रक को तो रोक लिया, पर चालक मौके से फरार हो गया। काफी मशक्कत के बाद ट्रक के पहिए के नीचे फंसे शवों को बाहर निकाला गया। तीनों ही बॉडी जमीन से चिपक गई थीं, अंगों को खुरच-खुरच कर निकाला गया। बताया जा रहा है कि मृतक दयाशंकर सिंह चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कालेज मधुपुर में पूर्व प्रधानाचार्य रह चुके थे। एक साथ तीन लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं स्थानीय लोगों में हादसे को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## आज से नामांकन पत्रों की बिक्री एवं दाखिला, मतदान 17 फरवरी को

दुद्धी,सोनभद्र, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। दुद्धी बार एसोसिएशन वर्ष 2026 की चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए इल्डर कमेटी के चेयरमैन/मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद जायसवाल एड. ने बताया कि नामांकन फार्मो की बिक्री एवं जमा 10 से 12 फरवरी तक को सुबह 11 बजे से सांय 4 बजे तक होगा,जबकि नामांक पत्रों की जाँच तथा नाम वापसी और वैध नामांकन की घोषणा 13 फरवरी को 4 बजे तक कर दी जाएगी। विभिन्न पदों के लिए 17 फरवरी को सुबह 11 बजे से सांय 3रू30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी, इसके बाद उसी दिन 4 बजे से मतगणना ततपश्चात परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई हैं, 10 फरवरी दिन मंगलवार से नामांकन पत्रों की बिक्री एवं दाखिला होगी। चुनाव प्रक्रिया कार्यक्रम में सहायक चुनाव अधिकारी कृष्ण कुमार एड,बिहारी लाल एड,जय प्रकाश तिवारी एड तथा देवी शरण एड मौजूद रहें। दुद्धी बार एसोसिएशन की अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव की तैयारी में जुटे उमीदवारों में सरगर्मी बढ़ गई और एक दूसरे से सम्पर्क अभियान तेज कर दिए हैं। संभावित उम्मीदवार अधिवक्ता साथियों से सम्पर्क अभियान में जुट गए हैं।

## सम्भव दिवस में जनसुनवाई कर शिकायतों का किया निस्तारण

सोनभद्र, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनके निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के कम में सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। इस दौरान जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें कमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबर में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## गाजीपुर जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

गाजीपुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14.03.2026 को जनपद न्यायालय, गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद तथा ग्राम न्यायालय जखनियाँ व जमानियाँ के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। श्रीमती अर्चना-।।, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

### कृषि विज्ञान केंद्र अंक्कुशपुर गाजीपुर में रोजगार परक प्रशिक्षण जायद फसलों की एकीकृत फसल उत्पादन तकनीक की दी गई जानकारी

गाजीपुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र अंक्कुशपुर, गाजीपुर के द्वारा अनुसूचित जाति परियोजना के तहत रोजगार परक प्रशिक्षण में 25 कृषक एवं कृषक महिलाओं को जायद फसलों की एकीकृत उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, जिसमें लेजर लेवेलर ,आर्टिफीसियल इंटेलेजन्स (ए-आई )ङ्क आधुनिक कृषि में उपयोग एवं लाभ ङ्कआम के वृक्ष में खाद की मात्रा एवं उपयोग का समय ,कम्पोस्ट,केंचुआ खाद ,हरी खाद,गोबर की खाद ,जीवामृत , बीजामृत ,घनजीवामृत, वास्पा एवं आच्छादनङ्क बीज शोधन आदि घटक शामिल है कडॉ0 दीपक प्रजापति (मृदा वैज्ञानिक) ने किसानों को मूँग , उर्द ,सूरजमुखी, आदि फसलों में बीज की मात्राङ्क बीज एवं भूमि शोधन के तकनीक पर विस्तार से बताते हुए केंचुआ खाद, कम्पोस्ट को मिट्टी में मिलाने से होने वाले लाभ के बारे में बिस्तार से बताया` जायद की फसलों जैसे मूंग, उर्द सूरजमुखी एवं कुकुरबीट्स की सब्जियों में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन पर भी चर्चा किया कडॉ जे. पी. सिंह (अध्यक्ष, के. वी. के ) ने बताया कि मूंग एवं उर्द में लगने वाली प्रमुख बीमारी पीला मोजैक जो सफेद मक्खी से फैलती हैं इससे पत्तिया पीली हो जाती हैं ङ्क साथ ही साथ सर्कोस्पोरा पत्ती धब्बा,फली छेदक पर विस्तार से बताया तथा किसानों से आग्रह भी किया कि प्रत्येक किसान अपने परिवार के स्वास्थ्य हेतु अपने भूमि के छोटे से भाग पर मानव एवं पर्यावरण सुरक्षा हेतु जैविक खेती करें ।

दैनिक **देवव्रत** www.dainikdevvrat.in
हिन्दी दैनिक, आजमगढ़
मंगलवार, 10 फरवरी, 2026





## सड़क ब्रेकर को लेकर विवाद, दलित महिलाओं ने मारपीट का लगाया आरोप

**जहानागंज, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** जहानागंज थाना क्षेत्र के पेवठा ग्रामसभा में सड़क पर बने ब्रेकर को लेकर विवाद हो गया। इस मामले में गांव



की दलित महिलाओं ने कुछ युवकों पर मारपीट और उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि गांव के कुछ मनबढ़ युवक आए दिन उन्हें परेशान करते रहते हैं। महिलाओं के अनुसार रविवार को उक्त युवकों द्वारा उन्हें धमकी दी गई थी, जबकि सोमवार को विवाद बढ़ गया और उनके साथ मारपीट की गई। घटना से आक्रोशित दलित परिवार की महिलाओं ने जहानागंज थाने में पहुंचकर मामले की सूचना दी और लिखित तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष जहानागंज ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है और प्राप्त तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## बच्चों के शैक्षिक भ्रमण वाहन को खंड शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सगड़ी, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** जनपद के सगड़ी तहसील अंतर्गत हरैया खंड शिक्षा क्षेत्र के बाजार गोसाई से दर्जनों विद्यालयों के स्कूली बच्चों का शैक्षिक भ्रमण वाहन सोमवार को रवाना हुआ । इस वाहन को हरैया खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन के मंसानुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत किया जा रहा है। उसी कड़ी में सोमवार को हरैया क्षेत्र से दर्जनों विद्यालयों के स्कूली बच्चे एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण हेतु चीनी मील हथकरघा सठियांव मुबारकपुर के लिए रवाना हुए। सोमवार सुबह लगभग 11 बजे संबंध में आलोक कुमार राय ने बताया कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम से बच्चों के मानसिक, शारीरिक और ज्ञान का विकास होता है, शैक्षिक भ्रमण से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा उनको बारीकियों से आवश्यक जानकारियां दी जाएगी। इस अवसर पर दिनेश यादव, सूर्य प्रकाश राय, अविनाश पटेल, ज्ञानेंद्र यादव, नारायण मिश्रा, अमित राय, सुमन यादव, अरविंद राय, विवेकानंद राय, अनीता यादव, मनोज कुमार, आलोक राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अनवार पब्लिक स्कूल की टैलेंट सर्च परीक्षा में एक हजार विद्यार्थियों ने लिया भाग

**फूलपुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** फूलपुर तहसील के गोधना स्थित अनवार पब्लिक स्कूल परिसर में अनवार पब्लिक स्कूल टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से



संपन्न कराया गया। इस प्रतियोगी परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल एक हजार विद्यार्थियों ने सहभागिता की। टैलेंट सर्च परीक्षा में अनवार पब्लिक स्कूल के 400 तथा अन्य विद्यालयों के 600 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सोहराब सिद्दीकी ने बताया कि टैलेंट सर्च परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के साथ–साथ उनकी पूरी पढ़ाई का खर्च अनवार पब्लिक स्कूल द्वारा वहन किया जाएगा। वहीं टॉप टेन में शामिल अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित कर बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संकेत माथुर सहित दिव्यांशु, मो. सलमान, मनोज सिंह, अरविंद मौर्य, सकीरा, वंदना सिंह, पवन कुमार अग्रहरि, शिवानी, रजनी, कमरान, विजय सिंह, इरतजा निशात, कृष्णा यादव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख की पुण्यतिथि को लेकर तैयारियां तेज

**फूलपुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** फूलपुर विकासखंड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय वीरेंद्र यादव की पुण्यतिथि आगामी मंगलवार 10 फरवरी को ब्लॉक परिसर में मनाई जाएगी। इसे लेकर सोमवार से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। ब्लॉक परिसर में स्थापित स्वर्गीय वीरेंद्र यादव की प्रतिमा स्थल सहित पूरे परिसर की सफाई कराई जा रही है। वहीं कार्यक्रम के लिए टेंट, कुर्सी आदि लगाने का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय प्रमुख के परिवार व समर्थकों की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गरीब व असहाय लोगों में कंबल, साड़ी व अन्य वस्त्रों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन होगा।

## छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

**आजमगढ़, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** दौना जेहतमंदपुर स्थित नूरजहां चिल्ड्रेन स्कूल एवं नाज़मा गर्ल्स इंटर कॉलेज में "विजन 360" थीम पर वार्षिक



समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि एमएसयू आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार रहे। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और अतिथियों ने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की। मुख्य अतिथि महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार ने कहा कि यह संस्थान अब स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए भी मान्यता प्राप्त कर चुका है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर विधायक बेचेई सरोज, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अब्दुस समद, न्यूरो सर्जन डॉ. अनूप कुमार, एसडीएम राजकुमार बैठा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सोनू सिंह, उलेमा काउंसिल के तलहा रशादी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शरद यादव, सीए नोमान अहमद, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. विमल तिवारी, हामिद अली एडवोकेट, ऋषिकांत राय, डब्बू सिंह, मोहम्मद ज़ैद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# डीएम ने विकास भवन का किया निरीक्षण, सात अधिकारी-कर्मचारी मिले नदारद

**आजमगढ़, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** विकास भवन में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के औचक निरीक्षण के दौरान सात अधिकारी–कर्मचारी अपने–अपने कार्यालयों से अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण लेने और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी ने सोमवार को प्रातः लगभग 10 बजे विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता एवं उनके तीन जूनियर इंजीनियर कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। इसके अलावा एआर कोऑपरेटिव भी अपने कक्ष में मौजूद नहीं थे। कर्मचारियों ने बताया कि एआर कोऑपरेटिव के पास जनपद मऊ का अतिरिक्त प्रभार भी है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालय के बाहर स्पष्ट रूप से डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाए, जिसमें यह दर्शाया जाए कि वे किस दिन आजमगढ़ एवं किस दिन जनपद मऊ में उपलब्ध रहेंगे। निरीक्षण के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी भी अपने कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। वहीं कौशल विकास मिशन कार्यालय में आशा भारती (बीपीएम) भी अनुपस्थित मिलीं, जबकि सात फरवरी को भी उनकी उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर दर्ज नहीं पाए गए। इसके अतिरिक्त सुरुचि चौबे मेडिकल अवकाश पर थीं, लेकिन उसका अंकन उपस्थिति पंजिका में नहीं किया गया था। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मेडिकल अवकाश दर्ज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य



विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए सभी अधिकारी–कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने तथा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के उपरांत ही फील्ड विजिट पर जाने के आदेश भी दिए गए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कार्यालयों में अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा विकास भवन परिसर व सीढ़ियों की नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, डीईएसटीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कमिटेड बजट में आंशिक भुगतान से आशा संगिनियों में आक्रोश, 9 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

**आजमगढ़, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** सरकार द्वारा जारी किए गए कमिटेड बजट में आशा व आशा संगिनियों को आंशिक भुगतान किए जाने से उनमें भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर आल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकर्ता सेवा समिति के तत्वावधान में आशा व आशा संगिनियों ने जिलाध्यक्ष संध्या सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष संध्या सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 का आशा, आशा संगिनी एवं अन्य कर्मचारियों का टीबीआई, पीबीआई, जननी सुरक्षा योजना, नसबंदी, आभा कार्ड, एचबीवाईसी तथा रूटीन एक्टिविटी का मानदेय अब तक बकाया है। संगठन की मांग है कि कमिटेड बजट के तहत आंशिक भुगतान करने के बजाय समस्त सामुदायिक



एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात आशा व आशा संगिनियों तथा अन्य कर्मचारियों का पूरा बकाया भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि आशा, आशा संगिनी एवं लाभार्थियों के नसबंदी और जननी सुरक्षा योजना वर्ष 2024दृ25 का भुगतान, एचबीवाईसी प्रशिक्षण का भुगतान तथा रेगुलर एक्टिविटी का बकाया मानदेय तत्काल कराया जाए। पवई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कई मदों का मानदेय अब भी लंबित है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में 17 माह से टीबीआई का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा रेगुलर एक्टिविटी में भी बैम के माध्यम से कटौती किए जाने का आरोप लगाया गया। संगठन की ओर से मांग की गई कि समस्त आशा व आशा संगिनियों का वित्तीय वर्ष 2024दृ25 का बकाया भुगतान शीघ्र कराया जाए। साथ ही सभी सीएचसी व पीएचसी पर जन्म प्रमाण पत्र बनाने का अधिकार दिया जाए और प्रत्येक माह टोटल ब्लॉक के बजट विवरण की जानकारी के लिए एक समिति का गठन किया जाए। इस अवसर पर पुष्पा सिंह, शशिकला, शशिकरन, कुसुमलता, शीला यादव, शीला देवी, नौशीन खान, सुशीला राय सहित बड़ी संख्या में आशा व आशा संगिनियां मौजूद रहीं।

## जमीनी विवाद के दौरान महिला की तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

**आजमगढ़, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत बनावे गांव में दो पक्षों के बीच चल रहे जमीनी विवाद के दौरान एक महिला की



हालत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है। मृतका की बहू सैरून निशा पत्नी रिजवान अहमद, निवासी बनावे गांव ने इस संबंध में रौनापार थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद के दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों ने उनकी सास को धक्का दे दिया, जिससे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन आनन–फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार दोपहर लगभग एक बजे दी गई जानकारी के अनुसार यह घटना बीते शनिवार की रात की बताई जा रही है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सके। वहीं इस मामले में जब विपक्षी पक्ष के इंद्रदेव से बात की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए किसी भी तरह की मारपीट से इनकार किया है।

## सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**आजमगढ़, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट जेवियर्स हाई स्कूल एलवल, आजमगढ़ के प्रांगण में सोमवार को को कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय से विदा हो रहे विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना तथा उनके विद्यालय जीवन की मधुर स्मृतियों को संजोना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रशांत चन्द्रा,



आवासीय प्रबंधक प्रद्युम्न जायसवाल एवं अनिरुद्ध जायसवाल, प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव, उप–प्रधानाचार्य तरणी श्रीवास्तव, को–ऑर्डिनेटर धीरेन्द्र भारद्वाज एवं मोना सिंह द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। आरंभ में कनिष्ठ छात्रों ने वरिष्ठ कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई, जिसमें कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य, नाटक, गीत व संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इसी क्रम में कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने भी मंच से अपने भावों को व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार के प्रति आत्मीयता प्रकट की। समारोह के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालयी जीवन में शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच गहरा भावनात्मक संबंध बन जाता है और वे एक परिवार की भांति एक–दूसरे से जुड़े रहते हैं। उच्च शिक्षा हेतु विद्यार्थियों को विद्यालय छोड़ना पड़ता है, जिससे विदाई का क्षण भावुक होता है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर मेहनत करने और सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

## जंगली सूअर व आवारा पशुओं से फसल बर्बादी को लेकर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** जंगली सूअर एवं आवारा जंगली पशुओं से फसलों की हो रही भारी बर्बादी को लेकर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में सोमवार को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी तहसील सगड़ी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में विकासखंड हरैया के ग्राम गांगेपुर, परसिया, सिवान, रूदपुर मठिया, सहनुपुर, देवनपुर, चक्की, हाजीपुर, देवारा सहित अन्य गांवों में जंगली सूअर एवं



आवारा पशुओं के आतंक से किसानों को हो रहे नुकसान की जानकारी दी गई। बताया गया कि देवारा क्षेत्र बाढ़ प्रभावित होने के कारण यहां किसानों को वर्ष में केवल एक ही फसल का अवसर मिल पाता है, लेकिन उस पर भी जंगली जानवरों की अधिक संख्या के कारण भारी क्षति हो रही है। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी की ओर से मांग की गई कि जंगली सूअर एवं आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर संरक्षित किया जाए, ताकि किसानों की फसलों को बर्बादी से बचाया जा सके और उन्हें राहत मिल सके। उप जिलाधिकारी सगड़ी द्वारा ज्ञापन प्राप्त करते हुए समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बंश बहादुर यादव (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), महेन्द्र यादव (ब्लॉक अध्यक्ष), मनोज, राधेश्याम, संजय यादव, रामबचन पटेल, खदेरू राम, दिनेश दूबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बुनकरों की समस्याओं को अनसुनी कर रही है सरकार-अख्तर भारती

**मुबारकपुर, 09 फरवरी (देवव्रत संवाद)।** मुबारकपुर क्षेत्र में बुनकरों को जागरूक कर सरकार से अपने अधिकार और सुविधाएं मांगने के उद्देश्य से बुनकर पंचायत का आयोजन किया गया। यह पंचायत अल्जामिअतुल अशरफिया यूनिवर्सिटी के निकट बुनकर नेता गुफरान



अहमद के आवास पर संपन्न हुई। पंचायत में मुबारकपुर, मऊ, खैराबाद अतरारी, वलीदपुर भीरा और जहानगंज क्षेत्रों से आए बुनकर प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याओं से पंचायत को अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि बुनकरों की समस्याएं वर्षों से अनसुनी की जा रही हैं, जिससे यह वर्ग आर्थिक संकट से जूझ रहा है। बुनकर यूनियन के पूर्व सेक्रेटरी जावेद अख्तर भारती ने कहा कि सरकार बुनकरों की भलाई के दावे तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका असर नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि मेहनतकश बुनकर वर्ग पर दोहरी मार पड़ रही है और उनके सामने रोजी–रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि केवल वोट लेने तक सीमित हैं, बुनकरों की वास्तविक स्थिति से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। इसी कारण बुनकरों ने पंचायतों के माध्यम से संगठित होने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि टांडा और मुहम्मदाबाद गोहना में पहले ही पंचायतें हो चुकी हैं और अब तक लगभग 50 बुनकर पंचायतों का गठन किया जा चुका है, जो रमजान के बाद भी जारी रहेगा। बुनकर नेता ऐन मुजफ्फर अंसारी ने कहा कि जब बुनकर समाज राजनीतिक और शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ेगा, तभी वास्तविक सफलता संभव होगी। उन्होंने बुनकर समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता पर भी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मुबारकपुर के बुनकर नेता गुफरान अहमद ने कहा कि बुनकर परिषद को समाप्त कर बुनकरों के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी बुनकर प्रतिनिधियों का परिचय कराते हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। पंचायत में यह भी निर्णय लिया गया कि जो व्यक्ति बुनकर समाज के किसी बेटे को राज्यसभा, विधानसभा या विधान परिषद तक पहुंचाने का कार्य करेगा, बुनकर समाज उसका समर्थन करेगा। पंचायत में मुहम्मद अंजार कादरी, फैजान अहमद, अजहरुल हक, अनवारुल हक, अजीजुल्लाह, नूरुल इस्लाम, फैजुल हक, नूर मुहम्मद नूरी, मुख्तार मंसूरी, नियाज अहमद, नफीस अहमद, महफूज, मुहम्मद इस्माइल, एहसान अहमद, अहमद जमाल, अब्दुल हलीम, मुहम्मद अज़ीम, हबीब हाशमी, मुहम्मद आरिफ मुबारकपुरी सहित बड़ी संख्या में बुनकर प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पंचायत चिरैयाकोट, जनपद-मऊ

पत्रांक 470 / न.प. चिरैयाकोट / 2025–26 दिनांक 09.02.2026

**अल्पकालिक निविदा/कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत चिरैयाकोट, जनपद–मऊ के वित्तीय वर्ष 2025–26 में समस्त पंजीकृत एवं शासनादेश सं.–3890 / नौ–5–19–149 / 2019 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार इच्छुक व्यक्ति / ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड की प्राप्त धनराशि से वाल पेन्टिंग / वाल राईटिंग चित्र सहित कार्य हेतु मुहरबन्द कोटेशन / निविदा दिनांक– 18.02.2026 को दोपहर 02 बजे दिन तक कार्यालय नगर पंचायत विरैयाकोट, मऊ में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपराहन समय 03 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय अवधि दिनांक–17.02.2026 को सायं 05 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। मुहरबन्द कोटेशन / निविदा के साथ जमानत धनराशि का अर्नेस्ट मनी एन० एस० सी० / एफ० डी० आर० / सी० डी० आर० के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चिरैयाकोट, जनपद–मऊ के पक्ष में प्लेज्ड कराना अनिवार्य होगा। जिस कोटेशन / निविदा के साथ जमानत राशि जमा नहीं की जायेगी, उस कोटेशन / निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कोटेशन / निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। उक्त निविदा को निकाय की वेबसाइट www.npchiraiyakot.in पर भी देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | जमानत धनराशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | नगर पंचायत चिरैयाकोट–मऊ के सीमान्तर्गत शौचालयों / वाउण्ड्रीवाल / अस्थाई गौशाला आदि स्थानों पर वाल पेन्टिंग / वाल राईटिंग चित्र सहित कार्य। | 9,97,100.00 | 1000.00 | 100000.00 | 01 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत चिरैयाकोट
जनपद मऊ

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत चिरैयाकोट
जनपद मऊ